

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 10 मार्च 2023 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष -3 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-338 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 मार्च 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112



## सीएम बघेल की कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से चर्चा

**नई दिल्ली/रायपुर, 10 मार्च।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के ताजा हालातों के बारे में जानकारी दी। इससे पूर्व वे तेलंगाना के करीमनगर में कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में शामिल हुए थे, जहां से वे दिल्ली पहुंचे हैं।सीएम बघेल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े से उनके आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री बघेल ने रायपुर में हाल ही में सफलतापूर्वक आयोजित हुए कांग्रेस अधिवेशन को लेकर एक बार फिर मल्लिकार्जुन खडग़े का आभार जताया है। मुलाकात के दौरान बघेल ने बजट में युवाओं, किसानों, आदिवासियों के लिए किए गए पहल की जानकारी कॉंग्रेस अध्यक्ष को दी। जिसकी सराहना करते हुए खडग़े ने कहा यह बजट सभी वर्गों के लिए निश्चित रूप से लाभप्रद होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने श्री खडग़े को आगामी कार्ययोजना से भी अवगत कराया। सीएम बघेल कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, और प्रभारी महामंत्री वेणुगोपाल से भी मिल सकते हैं।

## इण्डिया गेट से छग के नक्सलगढ़ के लिए रवाना हुई 75 महिला बाइकर्स

**रायपुर,10 मार्च।** आजादी के 75वें महोत्सव में सीआरपीएफ की 75 महिला बाइकर, दिल्ली के इंडिया गेट से छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के लिए निकल चुकी हैं। सीआरपीएफ की महिला डेयरडेविल्स की रैली दिल्ली के इंडिया गेट से जगदलपुर के लिए रवाना हो चुकी है। जो की 25 मार्च को पहुंचेगी छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में पहुंचेगी। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने अपना 84वां स्थापना दिवस समारोह मनाने का निर्णय लिया है। जिसमे शामिल होने के लिए आजादी के 75वें महोत्सव में सीआरपीएफ की 75 महिला बाइकर, दिल्ली के इंडिया गेट से छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के लिए निकल चुकी हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने गुरुवार को इन महिला बाइकर्स को हरी झंडी



दिखाकर जगदलपुर के लिए रवाना किया। महिला बाइकर्स 25 मार्च को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में पहुंचेगी। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में आयोजित सीआरपीएफ के स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वह जगदलपुर जिला मुख्यालय से आमसभा को भी संबोधित करेंगे। राज्य के सबसे दक्षिणी क्षेत्र में स्थित बस्तर जिला, सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे जिलों से घिरा हुआ है,जो की छत्तीसगाढ़ का सबसे अधिक नक्सल प्रभवित क्षेत्र है। यहां सीआरपीएफ के नेतृत्व में सुरक्षा बलों द्वारा बड़े नक्सली हमले और जवाबी कार्रवाई की गई है।

रक्षा विशेषज्ञों की मानें तो छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में आयोजित सीआरपीएफ के स्थापना दिवस समारोह यह संदेश देगा कि वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के सभी क्षेत्रों में बलों का दबदबा है और सशस्त्र नक्सलियों के बहुचर्चित सामरिक जवाबी आक्रामक अभियान के बीच इसका आयोजन किया जाएगा।

जिसे प्रदेशवासियो का सुरक्षा बालो पर भरोसा और भी मजबूत हो रहा ही। सीआरपीएफ के अधिकारिक सूत्रों की मानें तो टीसीओसी मार्च-जून में नक्सलियों द्वारा अपने कैडरों को मजबूत करने और सुरक्षा बलों पर बड़े हमले शुरू करने के लिए किया जाता है क्योंकि जंगलों में हरियाली नहीं होती है, जिससे दृश्यता बढ़ती है।

## बस्तर में शराबबंदी का सवाल ही नहीं : लखमा

### शराबबंदी का जायजा लेने बिहार पहुंची छग विधायकों की टीम

**रायपुर,10 मार्च।** छत्तीसगढ़ में शराबबंदी को लेकर आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने बड़ा बयान दिया है। लखमा ने कहा कि बस्तर के लोग पूजा-पाठ में भी शराब का उपयोग करते हैं। बस्तर में शराबबंदी का सवाल ही नहीं उठता। आबकारी मंत्री लखमा ने यह भी कहा कि छग में शराबबंदी होगी या नहीं अभी कहना जल्दबाजी होगी।

शराबबंदी को लेकर सत्तापक्ष और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक बार फिर आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि भाजपा शराबबंदी को लेकर गंभीर नहीं है। भाजपा के लोग झूठ बोलने में माहिर हैं इसलिए बैठक में नहीं आते। कमेटी में मेंबर नही भेजते। शराबबंदी के लिए बनाई गई कमेटी बिहार के लिए रवाना हई है। बिहार से लौटकर अध्ययन टीम



मिजोरम जाएगी। मिजोरम से आने के बाद कमेटी सरकार को अपनी रिपोर्ट देगी।शराबबंदी को लेकर कवासी लखमा के बयान पर सांसद सुनील सोनी ने पलटवार किया है। सांसद ने कहा कि शराबबंदी नहीं करना था तो गंगाजल हाथ में लेकर कसम क्यों खाए थे सरकार ने माताओं बहनों के विश्वास को तोड़ा, यह अपराध है। इसका खमियाजा कांग्रेस को चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

## सतीश कौशिक का निधन

**मुंबई,10 मार्च।** अभिनेता सतीश कौशिक का 9 मार्च को नई दिल्ली में निधन हो गया. इस दुखद खबर की जानकारी एक्टर अनुपम खेर ने ट्वीट कर दी. उन्होंने लिखा कि जानता हूं मृत्यु ही इस दुनिया का अंतिम सच है. लेकिन ये बात मैं जीते जी कभी अपने जिगरी दोस्त सतीश कौशिक के बारे में लिखूंगा, ये मैंने सपने में भी नहीं सोचा था.अनुपम खेर ने लिखा कि 45 साल की दोस्ती पर ऐसे अचानक पूर्णविराम ओम् शांति.सतीश कौशिक ने 67 साल की उम्र में आखिरी सांस ली. इससे



पहले सतीश कौशिक कोरोना काल में कोविड संक्रमित भी हुए थे। 13 अप्रैल 1956 हरियाणा के महेंद्रगढ़ में पैदा हुए सतीश कौशिक ने अपने एक्टिंग करियर का डेब्यू 1983 में आई 'मासूम' फिल्म से किया था। इसके बाद उन्होंने करीब 100 फिल्मों में काम किया। साल 1993 में 'रूप की रानी चोरों का राजा' से उन्होंने फिल्म डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखा और करीब एक दर्जन फिल्मों का निर्देशन किया। सतीश कौशिक ने हर जॉनर में काम किया लेकिन उनकी कॉमेडी का कोई तोड़ नहीं था.

## चाकूमारकर हत्या

**रायपुर,10 मार्च।** होली के दिन रायपुर में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी. पुलिस ने आरोपी हेमंत साहू को गिरफ्तार कर लिया है. बताया जा रहा है कि नशे में विवाद के बाद आरोपी ने युवक को मौत के घाट उतार दिया. घटना पंडरी थाना के सतनामीपारा की है. कत्ल के बाद चाकूबाजी और अब मारपीट की वारदात हुई है. रायपुर के माना कैंप वार्ड नंबर 7 में दो गुटों में जमकर मारपीट हुई है. मारपीट का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. मिली जानकारी के मुताबिक मारपीट के दौरान एक युवक पर धारदार हथियार से हमला किया गया है, जिससे युवक लहूलुहान हो गया है. गंभीर चोटें आई हैं. लाठी डंडों से पिटाई की गई है. माना थाना क्षेत्र का मामला है. वहीं तेलीबांधा थाने इलाके में चाकूबाजी की वारदात हुई है. साई मंदिर चौक के पास चाकूबाजी की घटना घटी है. होली खेलने के दौरान चाकूबाजी हुई है. आरोपी गोलू यादव, साईं तेलगु और मोहन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है.

## धर्म विशेष का पोस्टर फाड़ने पर कृष्णा नगर में तनाव

**रायपुर,10 मार्च।** राजधानी में होलिका दहन में धर्म विशेष से जुड़ा पोस्टर फाड़ने का मामला सामने आया है. पुलिस ने अज्ञात 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। इनकी गिरफ्तारी की भी खबर है। इस मामले को लेकर लोगों ने जमकर विरोध किया. एफआईआर के बाद अक्रोशित लोगों की भीड़ शांत हुई. यह मामला रामनगर चौकी क्षेत्र का है. राजधानी में लगातार असामाजिक तत्वों का आतंक बढ़ता जा रहा है. रायपुर के रामनगर में होलिका दहन के दिन असामाजिक तत्वों ने रात को होलिका जलाने के दौरान धर्म विशेष से जुड़ा पोस्टर फाड़कर उसे होलिका में डाल दिया. इसकी जानकारी मिलते ही इलाके के लोगों में गुस्सा देखने को मिला. सैकड़ों की संख्या में लोग आज सड़कों पर उतरकर असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी की मांग की. इलाके में तनाव की स्थिति ना हो, इसे देखते हुए भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर उन्हें वापस घर भेजा. रायपुर पश्चिम एडिशनल एसपी डीसी पटेल ने बताया, यह पूरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के रामनगर इलाके का है. इस मामले में एफआई आर दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है.

**इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात**

**रामनगर इलाके के लोगों ने जताई नाराजगी**-लोगों की मांग थी कि उन असामाजिक तत्वों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए, जिन्होंने ऐसा कृत्य किया है. इस मामले को लेकर आज भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे. भारी संख्या में पुलिस भी मौके पर



पहुंची थी. इलाके में तनाव की स्थिति ना हो इसलिए सभी को घर में रहने और बाहर ना निकलने की समझाइश दी जा रही है.

## बैरक में मिली एएसआई की लाश,हत्या की आशंका

**कोरबा,10 मार्च।** कोरबा जिले के बांगो थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार का संदिग्ध अवस्था में शव पाया गया है. शव शुक्रवार की सुबह थाना परिसर के बाहर बैरक पर देखा गया, जहां पुलिसकर्मी आराम करते हैं. मृतक एएसआई के शरीर पर कई चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि नरेन्द्र सिंह की हत्या की गई है. बैरक का दरवाजा भी टूटा- बांगो थाना परिसर के ठीक बाहर पुलिसकर्मियों के आराम के लिए बैरक मौजूद है. यहीं मृतक एएसआई का शव पाया गया है. बैरक का दरवाजा टूटा हुआ था. इसके साथ ही मृतक के शरीर पर कई चोट के निशान पाए गए हैं.

## सड़क हादसे में मौत,थाने का घेराव

**भिलाई,10 मार्च।**सुपेला थाना क्षेत्र घड़ी चौक सुपेला में शुक्रवार सुबह हुए हादसे के बाद गुस्साए परिजनों व मोहल्ले वालों ने थाने का घेराव कर दिया। मोहल्ले वालों की मांग है कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया। इसे लेकर काफी देर तक मोहल्ले वाले व परिजन थाने में मौजूद रहे ट्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने समझाइश दी मोहल्ले वालों ने कहा कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा नहीं दिया जाएगा तो वे चक्काजाम करेंगे बता दें शुक्रवार सुबह 7.30 बजे सुपेला घड़ी चौक में साइकिल सवार शख्स को ट्रक ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुपेला चिंगारी पारा निवासी नींबू लाल सोनकर ( 55 ) के रूप में हुई है। वह नींबू का व्यापार करता था आज सुबह वह नींबू लेने सुपेला होलसेल सब्जीमंडी जा रहा था इस दौरान सुपेला घड़ी चौक पर में हादसे का शिकार हो गया। रायपुर की ओर जा रही ट्रक ने खड़क सिंह को चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया था आरोपी चालक गिरफ्तार घटना के बाद सुपेला पुलिस ने फरार ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रक चालक के खिलाफ सुपेला पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। वहीं मृतक के शव को पीएम के लिए सुपेला अस्पताल में भेजा गया। थाने का घेराव करने के बाद मोहल्ले वाले व परिजन सीधे सुपेला अस्पताल पहुंचे। घटना को लेकर मोहल्ले वालों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। मोहल्ले वालों का कहना है कि मृतक उनके घर का एकलौता कमाने वाला था





## आईपीएस अधिकारी समाज के कमजोर वर्ग का ध्यान रखें : राज्यपाल

**रायपुर, 10 मार्च (मुख्य नगर संवाददाता)** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को सलाह दी है कि वे समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग के लिए विशेष रूप से कार्य करें। आज राजभवन में छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज्यपाल से मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें समाज में कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को कहा। राज्यपाल से आज मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मुलाकात कर राज्य के प्रशासनिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी दी है। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने कानून व्यवस्था एवं नक्सलवाद पर नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी। सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार सिंह ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों को खदेड़ने के लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय शुक्ला ने भी तेंदूपत्ता बोनस तथा अन्य गतिविधियों की जानकारी दी है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति केसरीलाल वर्मा तथा अन्य कुलपतियों ने भी राज्यपाल से सौजन्य मुलाकात की है तथा उन्हें होली की शुभकामनाएं दी है।


## नक्सलियों ने क्रेशर प्लांट में लगाई आग



**बीजापुर, 10 मार्च।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर में नक्सलियों उत्पात जारी है। यहां एक क्रेशर प्लांट में आग लगा दिया है। यह मामला आवापल्ली थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने देर रात इस घटना को अंजाम दिया है। इससे पहले भी माओवादियों ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। बता दे तेलंगाना में नक्सलियों एक ग्रामीण की हत्या कर दी है. मृतक की पहचान सास्का रमेश के रूप में हुई है. थाना चरला के क्षेत्र के सुब्बमपेटा पंचायत के राजैया नगर गांव में रात एक बजे की घटना बताई जा रही है. नक्सलियों ने मृतक पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया है.

## सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**कोरिया,10 मार्च।** जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है. पहली घटना में कार को बोलेरो ने जोरदार ठोकर मारी, जिससे कार सवार जेई की मौत हो गई. वहीं दूसरी घटना में दो बाइक आपस में टकराने से दो लोगों की मौत हुई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है. मिली जानकारी के मुताबिक, बैकुंठपुर के पेट्रोल पंप के पास कार को बोलेरो ने जोरदार ठोकर मारी, जिससे सीजीईबी में पदस्थ जेई घायल हो गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जिला अस्पताल लाते समय जेई की मौत हो गई.






# सीएम का बजट भरोसे का है:ममता चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 10 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने बजट 2023-24 पेश किया है कांग्रेस के पण्डरिया विधानसभा के विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर जी ने बजट की सहारना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से मुख्यमंत्री जी का बजट भरोसे का बजट है। इसमें सभी वर्गो को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ वासियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा।

श्रीमती ममता चन्द्राकर जी ने माननीय मुख्यमंत्री जी को बजट में कबीरधाम जिले को दिये जाने वाली सौगात के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीमती चन्द्राकर जी ने कहा कि विधानसभा पण्डरिया के कुकदूर को तहसील के रूप में दर्जा दिया गया, नवीन चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना, मतस्य कॉलेज को 2 करोड़ का बाउण्ड्रीवॉल दिया गया, पंजीयक कार्यालय निर्माण, नवीन जंगल सफारी निर्माण हेतु 20 करोड़ का प्रावधान आदि अन्य महत्वपूर्ण कार्यो के लिए मुख्यमंत्री जी को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी वर्गो के लिए बजट में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के लिए 6800 करोड़ का प्रावधान करना, बेरोजगारों हेतु 2500/- प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान, तहसील कार्यालयों के सीसीटीवी कैमरा, छत्तीसगढ़ी त्यौहार में सम्मान निधि योजना, पर्यटन हेतु मुख्यमंत्री धरोहर योजना, समाज कल्याण के लिए नवा पिल्हर योजना, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के शिक्षा के लिए राज्य रिसर्च फेलोशिप योजना चलाकर छत्तीसगढ़िया बच्चों के भविष्य को संवारना, खेलकुद के अनेक अदाकमी की स्थापना ऐसे अनेक योजनाओं को बजट में शामिल कर समस्त छत्तीसगढ़ वासियों की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। साथ ही कहती हूँ कि यह निश्चित ही भरोसे का बजट है।

## सभी को निराश करने वाला बजट:देव चंद्रवंशी



**कवर्धा, 10 मार्च।** जिला बीजेपी उपाध्यक्ष देव कुमारी चंद्रवंशी ने बजट पर कहा की पुनः सरकार के 4 वर्षो के कार्यकाल के पश्चात जब चुनाव नजदीक है फिर से उन्हीं छलावों को लेकर आज बजट पेश किया है। गढबो नवा छत्तीसगढ़ कहने वाली जुमलेबाज कांग्रेस सरकार के द्वारा विगत 4 वर्षो में जहां विकास शुन्य,भ्रष्टाचार व अपराध चरम पर, कर्ज से लगा छत्तीसगढ़ यही छत्तीसगढ़ की पहचान कांग्रेस की सरकार ने जनता के समक्ष रखी है। कांग्रेस सरकार में 11 हजार करोड़ रुपए प्रधानमंत्री आवास के वापस हो गए, लगभग आठ लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राही भूपेश सरकार की अदूरदर्शिता के चलते आज भी आवास से वंचित हैं छत्तीसगढ़ के गरीब परिवारों के हक को छीन कर बजट पेश हुआ है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार में लगभग 6 हजार बलात्कार की घटना हो चुकी है जिसको कांग्रेस सरकार छोटी घटना कहती है ऐसे घटिया सोच की सरकार ना बेरोजगारों को रोजगार , न शराबबंदी,न किसानों को उनका हक,न माताओं एवं बच्चियों की सुरक्षा दे पाई है। गांव, गरीब, महिलाओं, किसानों एवं युवाओं को निराशा करने वाला बजट है ।

## गांवों के विकास पर बजट में कुछ नही है:रामकुमार भट्ट



**कवर्धा, 10 मार्च।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट ने बजट में चर्चा करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश ने बजट में गांवों को कोई विशेष सौगात नही दी है जिससे गांवों की तस्वीर नहीं बदलेगी और बजट निराश किसानों को किया है । संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के साथ भी धोखा किया गया । शराब बंदी नही करने से भी महिलाओ और सभी लोगो मे बजट के प्रति निराशा दिख रही है ।

## एक नजर

### कांग्रेस सरकार ने शानदार बजट पेश किया है:नीलकंठ साहू



कवर्धा, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कवर्धा के लोगों को मेडिकल कॉलेज की सौगात दी है एवम जंगल सफारी के सौगात के लिए सीएम और केबिनेट मंत्री अकबर भैया को भी बजट के लिए बहुत बहुत धन्यवाद कहते हुए कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो बजट किया है वो शानदार बजट है ।

### बजट ने साबित किया है भूपेश है तो भरोसा है : नीलू चंद्रवंशी



कवर्धा, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी ने बजट की तारीफ करते हुए कहा की बजट शानदार है और ब्रोजगारी भत्ता , मेडिकल कालेज , आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओ , सहायिको के मानदेय वृद्धि और जंगल सफारी , पेंशन वृद्धि की तारीफ करते हुए कहा की बजट ने साबित किया है भूपेश है तो भरोसा है ।

### युवाओं और किसानों के हितों का ख्याल रखा गया बजट में :विनोद अग्रवाल



कवर्धा, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विनोद अग्रवाल ने सीएम भूपेश बघेल बजट की तारीफ करते हुए कहा की इस बजट से छत्तीसगढ़ और कवर्धा में विकास का ग्राफ बढ़ेगा और युवाओं , किसानों , महिलाओ और बुजुर्गो के हितों को देखकर बनाया गया बजट है । केंद्र सरकार का बजट सिर्फ लालीपोप देने वाला बजट होता है लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बजट से युवा , किसान , महिला , बुजुर्ग सभी लोग खुश है ।

### लोगों के साथ छलावा करने वाला बजट :अशोक साहू



कवर्धा, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पूर्व विधायक अशोक साहू ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की संविदा कर्मचारियों के साथ छलावा किया गया है और शराब बंदी की घोषणा ना करके महिलाओ के साथ धोखा किया गया सिर्फ चुनावी बजट तैयार किया गया है और लोगो को झूठे सपने दिखाए गए । दो साल का धान का बकाया बोनस भी किसानों को नही दिया गया । बजट से किसान , संविदा कर्मचारी , महिलाए ,यूवा सभी नाराज है तीखी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व विधायक अशोक साहू ने कहा की कांग्रेस सरकार की विदाई तय हो चुकी है इसलिए झूठे ख्वाब जनता को दिखा रही है ।

### रामेश्वरी ने सरगुजिहा लोक नृत्य संबंधी संग्रहण व शोध कार्य किया



**भिलाई।** सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, संस्कृति विभाग, भारत सरकार के सौजन्य से प्रदेश के विभिन्न आदि क्षेत्रों में प्रचलित, किंतु लुप्तप्राय जनजातीय लोक नृत्य के संग्रहण, शोध व संवर्धन विषय पर फेलोशिप अवॉर्डी रामेश्वरी ने सरगुजा में जाकर सूक्ष्मतापूर्वक अध्ययन कार्य संपन्न किया। उनके नेतृत्व में अंबिकापुर जिले के रामपुर, इंद्रपुर व सरई टिकरा तथा जशपुर जिले के पंपापुर, कुमड़ो आदि सुदूर क्षेत्रों में निवासरत उरांव व पहाड़ी कोरवा आदि जनजातियों की मान्यताएं, परंपराएं व रीति रिवाजों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की गई। उनके साथ प्रमुख रूप से संग्रहण दल में पुन्नू यादव, तरुण निषाद, राकेश देशमुख, रिंकेश्वर ठाकुर, शियाक्षिक वर्मा व मुकेश साहू शामिल थे। उनके इस कार्य में सरगुजा अंचल के लोक कला मर्मज्ञ, साहित्यकार व वरिष्ठ कलाकार सर्वश्री रंजीत सारथी, शिव व्रत पावले, विजय सिंह दामाली व रामनारायण का विशेष सहयोग तथा उमेश अग्रवाल, संतोष गुप्ता, डॉ. सरिता साहू व जयंत श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सुरक्षा मंजिल नहीं बल्कि यह निरंतर यात्रा है:दासगुप्ता



**भिलाई, 10 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर के सभागार में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति प्रदान की। इस समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के उप निदेशक आशुतोष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक एम एम गद्रे, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक समीर स्वरूप एवं मुख्य महाप्रबंधक जी पी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारम्भ किया गया। प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक जी पी सिंह ने स्वागत उद्बोधन के साथ-साथ संयंत्र में जारी सुरक्षा गतिविधियों का प्रतिवेदन विस्तार से प्रस्तुत करते हुए सुरक्षा के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस्पात उद्योग में हर प्रकार का खतरा मौजूद है। हमें इन खतरों को नियंत्रित रखकर कार्य करना चाहिए। खतरों को काबू में रखने के लिए हमें बिहेवियरल सेफ्टी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करना होगा। जिससे सुरक्षा हमारे डीएनए में शामिल हो जाए। हमारा सुरक्षित व्यवहार ही हमें सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करेगा। सुरक्षा केवल कारखाने तक सीमित नही है बल्कि सड़क पर, घर पर हर जगह हमें सुरक्षा का ध्यान रखना है। हमें अपने साथ-साथ अपने ठेका श्रमिक कार्मिकों के सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखना है। सुरक्षा एक मंजिल नहीं बल्कि यह एक निरन्तर यात्रा है। हमें, हर दिन हर पल सुरक्षित रहना है। सुरक्षा एक निरन्तर प्रक्रिया है जिसका हमें निरंतर अनुपालन करना है। सुरक्षा से उत्पादन, उत्पादकता में वृद्धि के साथ ही लागत में कमी और लोगों की सुरक्षा में वृद्धि संभव हो सकेगी। उप निदेशक आशुतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र, प्रोडक्शन और क्वालिटी के क्षेत्र में अग्रणी है। उसे सुरक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी बनना होगा। हम सबको मिलकर एक सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना होगा। इस हेतु हमें व्यवहार आधारित सुरक्षा पर विशेष जोर देना होगा। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुरक्षा की संस्कृति को संयंत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। हमें एक्सीडेंट फ्री स्टील का निर्माण करना है। सुरक्षा संस्कृति के निर्माण में सभी का योगदान आवश्यक है। सुरक्षा संस्कृति के निर्माण में सेफ्टी वॉरियर्स की अहम भूमिका रही है। इस दौरान सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों, विभागीय सुरक्षा अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को प्रबंधक अजय टल्लू द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एसईडी के महाप्रबंधक डॉ ए आर सोनटके एवं आभार प्रदर्शन महाप्रबंधक एस के अग्रवाल ने किया। ठेका श्रमिकों के योगदान को रेखांकित करते हुए दिये जाने वाला एक्जेम्पलरी अवार्ड के प्रशस्ति पत्र का वाचन एसईडी के वरिष्ठ प्रबंधक शोवन घोष ने किया। समारोह में लेखक एवं निर्देशक तथा एसपी-2 के महाप्रबंधक उमेष अवधिया द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक कॉफी विथ यमराज का मंचन किया गया। सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए एसईडी के सहायक महाप्रबंधक के सी साजन को लाइफ टाइम अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# सेल अध्यक्ष ने महिला अफसरो से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की बातचीत



**भिलाई, 10 मार्च।** सुश्री सोमा मंडल, अध्यक्ष सेल ने 9 मार्च को भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल इकाइयों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महिला अधिकारियों के साथ बातचीत की। बीएसपी के संयंत्र, नॉन वर्क्स और माइन्स में महिला अधिकारियों ने विभिन्न कार्यकारी निदेशकों के सम्मेलन हॉल में भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेल अध्यक्ष द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया गया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 की थीम डिजिटऑलः लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी है। सोमा मंडल, अध्यक्ष सेल ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को अगली पीढ़ी को ढालने के लिए समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम पुरुषों की परवरिश करते हैं, उससे समाज पर बहुत फर्क पड़ता है। हमें प्रतिभा पूल को बढ़ाना चाहिए महिला कर्मचारियों और महिलाओं को कार्य जीवन संतुलन को प्राथमिकता देनी चाहिए। हमारी कंपनी के समर्थकों के सहयोग से प्रतिभा पूल का हिस्सा बनने की जिम्मेदारी महिलाओं की है। उन्होंने कहा कि हमें योग्यता के कारण अपनी पहचान बनानी चाहिए न कि अपने लिंग के कारण। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने संबोधन में कहा कि हमें महिला कर्मचारियों के साथ एक पूरक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण क्षेत्रों का नेतृत्व अब महिलाएं कर रही हैं, पुरुषों के गढ़ों को तोड़ रही हैं। हमें अपनी कंपनी को आज जो कुछ भी है, बनाने में अपने जीवनसाथी के योगदान को नहीं भूलना चाहिए, जिनके सहयोग के बिना आज हम यहां इस पद पर नहीं होते। ईडी एम एम गद्रे ने कॉन्फ्रेंस हॉल में महिला अधिकारियों को अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं बड़े पदों पर आसीन हो रही हैं और आज विभिन्न क्षेत्रों में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि पहल करना और अपना सर्वश्रेष्ठ देना उनकी जिम्मेदारियों को पूरा करने की कुंजी है। महाप्रबंधक सुश्री शीजा पी मैथ्यू ने कहा कि अवसरों का लाभ उठाकर और उन पर काम करके हम जहां चाहें वहां पहुंच सकते हैं। शुरुआत में ईडी संजीव कुमार ने कहा कि हमें महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाना चाहिए। सेल में हम भाग्यशाली हैं कि हमें एक महिला अध्यक्ष मिली है और हम एक समावेशी कार्यस्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां कर्मचारी विविधता हमारी ताकत है। महाप्रबंधक सुश्री डेजी एम हेम्ब्रोम, ने डिजिटल परिवर्तन, डेटा विश्लेषण, एसएपी कार्यान्वयन, आईटी प्रणाली को मजबूत बनाने, महत्वपूर्ण उत्पादन उपकरणों की स्थिति की निगरानी आदि में सेल में महिलाओं के योगदान पर प्रस्तुति दी। वीडियो कॉन्फ्रेंस को अमरेंदु प्रकाश, निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक, निदेशक प्रभारी बी पी सिंह, निदेशक प्रभारी अनिल तुलस्यानी, निदेशक अरविंद कुमार सिंह, निदेशक और विनीत पांडे, सीवीओ, सेल ने भी संबोधित किया।



## रामकुमार भट्ट ने जन्मदिन पर भोले बाबा की पूजा की

**कवर्धा।** जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने अपने जन्मदिन के अवसर पर धर्मपत्नी श्रीमती शुशीला भट्ट के साथ भोले बाबा की पूजा कर कबीरधाम जिले वासियों के जीवन में सुख , समृद्धि की भोले बाबा से कामना की । सुबह से फोन और आफिस और निवास पर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा ।

## पिता ने दारू पीने नहीं दिए रुपए तो पुत्र ने लगा ली फांसी

**भिलाई, 10 मार्च।** जामुल थाना क्षेत्र में युवक ने अपने पिता से होली में दारू पार्टी करने के लिए दो हजार रुपए मांगे जब पिता ने रुपए देने से मना कर दिया तो आवेश में आकर उसने फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को पीएम के लिए सुपेला अस्पताल में भेजा।

# खूनी संघर्ष में कटर से युवक की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 10 मार्च।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र होली के दिन लेनदेन को लेकर शुभम राजपूत नाम के युवक की कटर से गला रेत कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद चंद घंटों में पुलिस ने आरोपी सेवक निषाद को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने पुलिस को चौंकाने वाली बातें बताई। पुलिस के अनुसार आरोपी सेवक का कहना कि मृतक शुभम राजपूत तपन सरकार के नाम पर वसूली करता था। होली के दिन भी वह उससे रुपए मांग रहा था इसी वजह से विवाद हुआ और उसने उसकी हत्या कर दी। खुर्सीपार टीआई वीरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड 43 खुर्सीपार निवासी शुभम राजपूत की होली के दिन सेवक निषाद ने कटर से गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के बाद लगभग आधे घंटे में ही पुलिस ने आरोपी सेवक निषाद को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अपने घर पर खटिया के नीचे छिपा हुआ था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने पुलिस के सामने चौंकाने वाले खुलासे किए टीआई ने बताया कि आरोपी सेवक निषाद ने बताया कि शुभम राजपूत तपन सरकार के नाम पर वसूली करता था। होली के बाद वह चिकन व मसाला सामान खरीदने गया था। इस बीच शुभम राजपूत पहुंच गया और शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगा। रुपए देने से मना करने पर विवाद करने लगा। इस दौरान शुभम राजपूत का कटर नीचे गिर गया तो सेवक निषाद ने उसी कटर को उठाया और शुभम राजपूत पर वार कर दिया। इससे वह जमीन पर गिर गया। घटना के बाद सेवक वहां से भाग गया। रास्ते में उसने कटर नाली में फेंक दिया और अपने घर पर छिप गया था। आरोपी ने यह भी बताया कि शुभम राजपूत पहले भी उससे कई बार पैसे ले चुका है, पैसे नहीं देने पर वह मारपीट करता था। आरोपी ने बताया कि उस पर पहले भी शुभम राजपूत कटर से हमला कर चुका है। कहीं इस बार भी कटर से न मार दे इसी डर से उसने वार कर दिया इधर गुरुवार को पीएम के बाद मृतक शुभम का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# महिला सुरक्षा आज भी देश की सबसे बड़ी समस्या है:संगीता जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,10 मार्च।** रूप जीवन हॉस्पिटल की डायरेक्टर एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता जैन ने विश्व महिला दिवस पर चर्चा करते हुए कहा की भारत देश एक परंपराओं का देश है जो अपनी परंपरा और संस्कृति को लेकर प्रसिद्ध है । यहां नारी को देवी का रूप मानकर सम्मान किया जाता है । उसे लक्ष्मी का रूप माना गया है । आज के आधुनिक समाज में नारी को भी पुरुष के बराबर माना गया है । फिर भी नारी सुरक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जो आज भी हमारे देश की बड़ी समस्या है । भारत के बदलते युग के साथ साथ नारी को लेकर सोच भी काफी बदल गई है । आज की नारी हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ चल कर काम कर रही है ।शिक्षित होने के बाद भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है । नारी सुरक्षा के कानून और कायदे होते हुए भी उस पर अत्याचार होते रहते हैं ।घरेलू हिंसा सामाजिक संस्थानों पर नारी शोषण दहेज को लेकर कई प्रकार से उसे परेशान किया जाता है । बलात्कार जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी देश और नारी दोनों के लिए एक सवाल है । देश के लिए कलंक है क्योंकि ऐसी घटनाएं बढ़ रही है । नारी आज अपने अपने घर कार्यक्षेत्र या राह पर भी सुरक्षित नहीं है । इसका एक कारण इंटरनेट का दुरुपयोग भी माना जा रहा है। फिल्मों में दिखाए गए उत्तेजित दृश्य ,सीरियल भी आज बलात्कार जैसी वारदातों को उकसाने वाले होते हैं। इंसान उस काल्पनिक दुनिया को वास्तविकता में जीना चाहता है । नारी सुरक्षा के लिए कई कानून है जिनसे इन सब वारदातों को रोकने के लिए भय उत्पन्न हो सकता है ।राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम 1990 ,मुस्लिम स्त्री अधिनियम 1986 ,विवाहित महिला संपत्ति अधिनियम 1874 ,बाल विवाह अधिनियम 1929 ,हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856 ,सेक्सुअल हरासमेंट ओफ् वूमेन एक्ट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 ,कन्या भ्रूण हत्या निवारण अधिनियम 1870 , पॉक्सो एक्ट इत्यादि कानून बनाए गए हैं । इन कानूनों के साथ ही कभी भी ऐसी घटनाओं की आशंका होने पर ऐसे कदम उठाने चाहिए जिससे उन घटना को टाला जा सके । महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे जैसी आत्म रक्षक गतिविधियां सीखनी चाहिए । मोबाइल से महिला कहीं आने जाने से पहले परिवार के किसी सदस्य को सूचित कर सकती है । व्हाट्सएप पर लोकेशन भेज सकती है। पेपर स्प्रे को अपने पास रखना चाहिए ।हेल्पलाइन नंबर पर तुरंत कॉल कर सकती है ।

महिलाएं अपने को कमजोर ना समझे ,अपना आत्मविश्वास बनाए रखें। अंत में सरकार चाहे जितने भी कानून बना ले लेकिन जब तक हर व्यक्ति के दिल में महिला के लिए सम्मान नहीं होगा तब तक महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को जड़ से समाप्त करना मुश्किल है ।

## नारी बिना कुछ नहीं

नारी त्याग है, तपस्या है, समर्पण है।
सुख हो या दुख हर रिश्तों को अर्पण है।
नारी विधाता की अदभुत रचना है।
मां है, बेटी है, भाई की बहना है।
किसी की बहु किसी की भार्या है।
कुटुंब के संस्कारों की आचार्या है।
नारी चूल्हा है, चौका है, वसन है।
जगत जननी तुझे बारंबार नमन है।
नारी कुमकुम है, रोली है, कंगना है।
तुझसे ही संवारता घर का अंगना है।
नारी है तो अन्नपूर्णा है, रोटी है, दाल है।
आंगन की तुलसी पूजा की थाल है।
नारी स्नेह है,उपासना है,उपवन है।
हर रूप में, हर रंग में,हरेक रिश्तों में,
तेरे चरणों में मेरा शत शत नमन है।
नारी की कथा अनादि है अध्याय नहीं।
नारी का जीवन में कोई पर्याय नहीं।

**मुरारी सोनी**
**कवर्धा**

# पुलिस ने अभियान चलाकर दो को 70 किलो गांजा सहित पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 मार्च।** पदमनाभपुर थाना अंतर्गत नशे के ख़िलाफ़ बड़ी कार्यवाही करते हुए पदमनाभपुर पुलिस के द्वारा दो आरोपियों के पास से 70 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है दुर्ग सीएसपी बैंकर वैभव ने बताया कि होली त्योहार के चलते बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ को खपाने की प्लानिंग आरोपियों की थी। दुर्ग पुलिस द्वारा सचेत एवं सतर्क तरीक़े से ड्यूटी में रह कर आरोपियों की इस योजना को नाकाम कर दिया गया थाना पदमनाभपुर पुलिस एवं दुर्ग अनुविभाग ए0डी0 टीम की संयुक्त कार्यवाही की पदमनाभपुर पुलिस एवं दुर्ग अनुविभाग की ए0डी0 टीम द्वारा होली त्यौहार के मद्देनजर वाहन चेकिंग व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मातृछाया फेस 2 धनोरा के पास रोड में वाहन चेकिंग दौरान एक सफेद रंग की बिना नंबर की एक्टीवा वाहन में दो व्यक्ति आ रहे थे चालक के सामने दो भरी हुई प्लास्टिक की बोरी तथा गाडी के पीछे बैठा व्यक्ति एक भरी हुई प्लास्टिक बोरी पकडकर बैठा हुआ था। जिसे चेक करने पर सभी प्लास्टिक बोरी में भारी मात्रा में गांजा भरा हुआ मिला। जिसका वजन कुल 70.25 किलोग्राम व नगदी रकम 21000 रु एवं बिना नंबर की एक्टीवा वाहन जुमला कीमती 9,70,000रु को आरोपी जितेन्द्र साहू निवासी तालपुरी परिजात कालोनी एवं श्रीकांत निवासी रुआंबांधा आजाद चौक को तस्करी करते पकड़े गये। जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया अपराध क्रमांक 15/2023 धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट, आरोपीउक्त कार्यवाही में पदमनाभपुर टीआई राजीव तिवारी, सउनि गंगा प्रसाद श्रीवास, आरक्षक पूरन सार्वा, योगेन्द्र चंद्राकर, देवेन्द्र राजपूत, एमन मधुकर, शरद राजपूत, दीपक मानिकपुरी, पी संतोष एवं दुर्ग अनुविभाग की ए0डी0 टीम के आरक्षक किशोर सोनी, जावेद खान, कमलेश यादव, भरथरी निषाद, गौर सिंह, प्रशांत पाटनकर, पीटर, नासिर की उल्लेखनीय भूमिका रहीं

## युवा नारी शक्ति पर कविता: ख्वाहिश

मैं बहकती हूँ तो बहक जाने दे,
मिट्टी का मैं खिलौना नहीं
चिड़ियों सी मुझे भी
चहक जाने दे.
पीढ़ियों पे पिढियाँ
पावों में बेड़ियाँ
बेड़ियों को ना श्रृंगार होने दे.
अब चहकना है मुझे भी
चहक जाने दे.
निर्भर हूँ खुद पर ही
मेरी भी दुनिया है
रौशन मैं खुद से ही
हो जाऊंगी, बस
अपनी ही लौ में
लहक जाने दे,
पापा और मम्मी की चिड़िया हूँ मैं,
चिड़ियों सी मुझको
चहक जाने दे,
मेरे भी सपने हैं,
संजोये मैंने हैं,
मेरे लिए भी है
ये खुला आसमां,
मेहनत से पूरी करूँ अरमाँ.
अब भी मैं पापा की
गुड़िया हूँ मैं,
आंगन में अपने मटक जाने दे.
पापा और मम्मी की चिड़िया हूँ मैं,
चिड़ियों सी मुझको
चहक जाने दे.

**संदीप कुमार बरनवाल,**
**लेखाधिकारी,**
**पी.डब्ल्यू.डी.,कवर्धा, छ.ग.**

# मुख्यमंत्री की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के कल्याण के लिए संवेदनशील पहल

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का बढ़ाया मानदेय

**रायपुर,10 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2023-24 के बजट में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के कल्याण के लिए संवेदनशील पहल की गई है। इसके साथ ही उन्होंने निराश्रितों, दिव्यांगों एवं विधवा तथा परित्यक्ता महिलाओं के साथ उभयलिंगी समुदाय का भी विशेष ध्यान रखा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मांगों को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण हेतु प्रदेश भर में संचालित 46 हजार 660 आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी जाने वाली मासिक मानदेय की राशि 6 हजार 500 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 10 हजार रूपए की है। इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3 हजार 250 रूपए से बढ़ाकर 5 हजार और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4 हजार 500 रूपए से बढ़ाकर 7 हजार 500 रूपए प्रति माह करने का प्रावधान बजट में किया है। बजट के इस प्रावधान से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं तथा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का होली का उल्लास दोगुना हो गया है। प्रदेश भर की आंगनबाड़ी से जुड़ी महिलाओं में हर्ष की लहर है।




मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि बढ़ाकर 50 हजार की गई

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने संवेदनशील पहल करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों के विवाह के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत दी जाने वाली सहायता राशि को 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार करने की घोषणा बजट में की है। इसके लिए बजट में 38 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

बजट में महिलाओं के आर्थिक समृद्धि और स्व-रोजगार के लिए नई योजनाओं का प्रावधान भी किया है। महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कौशल्या समृद्धि योजना प्रारंभ करने की घोषणा की है। इसके लिए नवीन मद में 25 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

बजट में बाल संप्रेक्षण गृह से बाहर जाने की आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने की घोषणा करने के साथ ही वहां से बाहर जाने वाले युवक-युवतियों के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री बाल उदय योजना शुरू करने का प्रावधान किया है। इसके लिए बजट में एक करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा यूनिफाईड डिजिटल एप्लीकेशन योजना शुरू करने के लिए 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

बजट में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पुनर्वास और रोजगार के साथ पोषण, बाल विकास और अधोसंरचना विकास के लिए प्रावधान किया गया है। नगरीय क्षेत्रों में 100 आंगनबाड़ियों के लिए 12 करोड़ रूपए, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के लिए 160 करोड़ रूपए, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के लिए 8 करोड़ रूपए, एकीकृत बाल विकास सेवा योजना के लिए 844 करोड़ रूपए, एकीकृत बाल संरक्षण योजना के लिए 124 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने निराश्रितों, बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं विधवा तथा परित्यक्ता महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा करते हुए उनको सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत दी जाने वाली मासिक पेंशन की राशि 350 रूपए से बढ़ाकर 500 रूपए प्रति माह की है। इससे इन वर्गों को जीवन-यापन के लिए सहारा मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने बजट में उभयलिंगी व्यक्तियों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए नई पहल करते हुए नवा पिल्हर योजना शुरू करने की घोषणा की है।

## एक नजर

### इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में हुई बस दुर्घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा:नरेन्द्र सोनी

**खैरागढ़ 10 मार्च।** जब भी किसी टीम को बाहर जाना रहे भ्रमण के लिए या कोई प्रतियोगिता के लिए तो उसमें दल प्रभारी महिला अधिकारी अनिवार्य रूप से हो प्रथम दृष्ट्या ड्राइवर और कंडक्टर दोषी है और छात्र छात्राएं जिनके नेतृत्व में यूथ फेस्टिवल में गई थी ऐसे प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि वे ना तो बच्चों के सुरक्षा का ध्यान दे पाए और ना ही विषम परिस्थिति में कोई वैकल्पिक व्यवस्था छात्रों के लिए नहीं करा पाए जबड्राइवर और बस कंडक्टर शराब का सेवन किए हुए थे तो उन्हें स्थानीय प्रशासन से तुरंत मदद लेना था और उनके बदले नए ड्राइवर कंडक्टर की व्यवस्था करना था और साथ ही साथ जो खबर मिली है कि बाहर के लोगों के द्वारा भी बस में प्रवेश किया गया था बहुत ही निंदनीय और शर्मनाक है जो इनकी सुरक्षा के पोल को खोल रही है इस पर स्थानीय पुलिस मदद तुरंत लेनी थी और तुरंत विश्वविद्यालय को इसकी सूचना देनी थी भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो तो कार्रवाई करें क्योंकि यह प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है जिसके गरिमा को ठेस पहुंचा है माता-पिता बहुत दूर दराज से अपने बच्चों को खैरागढ़ भेजते है उच्च शिक्षा के लिए यहां भेजते हैं इसी विश्वास में ताकि वह सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई कर सकें और इस तरह की घटना जो सुरक्षा में चूक दिख रही है भविष्य में जब भी विश्वविद्यालय के द्वारा किसी टीम का गठन करते हैं भ्रमण के लिए या अन्य प्रतियोगिता के लिए उसमें प्रभारी का चयन जिम्मेदार स्वच्छ छवि के लोगों का किया जाए और अनिवार्य रूप से टीम प्रभारी के रूप में महिला प्रभारी की भी नियुक्ति की जाए संपूर्ण घटना की स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच कराई जाए जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन शामिल ना हो.

### महिला दिवस पर बेटी बचाओ मंच ने किया दो महिलाओं का सम्मान



**रायपुर 10 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर बेटी बचाओ मंच भाठागांव ने ढेबर सिटी स्थित उद्यान में महिला दिवस का आयोजन किया। मुख्य अतिथि तथा मंच के अध्यक्ष ललित मिश्रा द्वारा भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना तथा शहर सचिव नीलम खान के द्वारा प्रस्तुत राज गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उक्त अवसर पर अनाथ आश्रम संचालित संस्था ÷सेवा भारती मातृछाया÷ जहां अनाथ बालिकाओं का शिक्षा दीक्षा ,रखरखाव किया जा रहा है के राम कुमारी दीवान तथा लगातार बेटियों को ही बेटा समझ अच्छा परवरिश के लिए लगातार प्रेरित करने वाली महिला श्रीमती प्रभा राठौर को बेटी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया । सम्मान स्वरूप प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, शहर सचिव नीलम खान ,भाठागांव अध्यक्ष नमिता राठौर , उपाध्यक्ष रूपाली अग्रवाल , सचिव कामिनी पाल ने शाल , श्रीफल तथा प्रशस्ति पत्र भेंट किया । श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में मंच के द्वारा किए जा रहे बेटियों के संरक्षण , नारी अत्याचार के विरोध तथा संबंधित अन्य कार्यों की जानकारी दी । उक्त अवसर पर मंच के संध्या पांडे, पूजा सोनी ,माधुरी सूरजाल ,धनेश्वरी वैष्णव ,भानुमति उमरे सहित पदाधिकारी व सदस्यगण शामिल थे । संचालन नमिता राठौर तथा आभार रूपाली अग्रवाल ने किया।

### स्कोडासिंगल विकेट टूर्नामेंट सीज़न 2 की घोषणा

**रायपुर 10 मार्च ।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट के दूसरे सीज़न की घोषणाकी है। पूरे देश में 59 शहरों और 32,000से अधिक युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को कवरकरने के उद्देश्य के साथ स्कोडा सिंगल विकेट सीज़न 2 की शुरूआत 28 अप्रैल से होगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र सॉल्?क ने कहा, ÷स्कोडा ऑटो इंडिया में, हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में हमेशाहमारे ग्राहकों को प्राथमिकता दी जाती है और लोगों से जुड़ाव बनाया जाता है।प्रतियोगिता और कौशल के अलावा खेल का मतलब मानवीय भावनाओं का उत्सव मनाना भी है। स्कोडासिंगल विकेट प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक विश्वसनीयऔर अनोखा प्लैटफॉर्म उपलब्ध कराता है।

### बस्तर के लोगों को ठगने केंद्रीय मंत्री दौरे पर आ रहे: कांग्रेस

**रायपुर 10 मार्च।** केंद्रीय राज्य मंत्री विश्वेश्वर टुडू के बस्तर प्रवास पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा बस्तर के लोगों को ठगने के लिये केंद्रीय मंत्रियों का दौरा कार्यक्रम बस्तर में बनाती है लेकिन यह मंत्री बस्तर के विकास के लिये कोई योजना लेकर बस्तर नहीं आते। एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री बस्तर आ चुके है लेकिन किसी ने 1 रू. की भी केंद्रीय सहायता बस्तर में नहीं किया है। 15 सालो तक राज्य में भाजपा की सरकार थी तब भी बस्तर की उपेक्षा की गयी। आज जब केंद्र में भाजपा की सरकार है तब भी बस्तर के विकास के लिये केंद्र सरकार उदासीन है। भाजपा आदिवासी समाज को सिर्फ वोट लेने के लिये इस्तेमाल करना चाह रही लेकिन बस्तर के लोग जागरूक है, भाजपा के चाल में नहीं आने वाले। केंद्रीय मंत्री बस्तर में सड़क मार्ग से दौरा करने का साहस जुटा पाये है तो यह भूपेश सरकार के कारण ही संभव हो पाया है। 4 साल के कांग्रेस सरकार के राज में शांति के साथ सड़क मार्गों की बहाली हुई है। वर्षो से लंबित सड़को को बनाया गया तब ही टुडू जी निर्भीक होकर दौरा कर रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा कल भी आदिवासी विरोधी थी, आज भी आदिवासी विरोधी है।

# महिलाओं ने पियक्कड़ों को दी चेतावनी



**रायपुर 10 मार्च ।** बीते सोमवार को समझाईश देने के बाद भी अपनी हरकतों से बाज न आने वाले शराब कोचियों द्वारा शराब का जखीरा रख बेचने की जानकारी ?मिलने पर ऐन होलिका दहन के दिन ग्राम बुडेनी की आक्रोशित महिलाये शाम ढलते ढलते फिर एकत्रित हो गयी । शराब का जखीरा जप्त कराने आबकारी व पुलिस प्रशासन को सूचित करने के बाद भी उनके न पहुंचने से आक्रोशित महिलाओं ने ग्रामवासियों के सहयोग से कोचियों के घर के रास्ते का घेराबंदी कर पियक्कड़ों द्वारा खरीदे जाने वाले शराब की बोतलों को फोड़ने के साथ - साथ घेराबंदी का अभियान जारी रखने व भविष्य में फिर इस ओर रुख न करने की चेतावनी दे वापस लौटाया । अमूमन होलिका दहन के दिन पियक्कड़ों की गतिविधियों के चलते घर से बाहर न निकलने वाली महिलाओं के इस जुझारू साहसिक कदम की आसपास के ग्रामों में प्रशंसा हो रही है ।

ज्ञातव्य हो कि खरोरा थाना क्षेत्र के? ग्राम बुडेनी से लगे ग्रामों में ग्रामीण व्यवस्था के तहत अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगे रहने से इन ग्रामों के मदिराप्रेमी भी बुडेनी का रुख करते हैं जिसकी वजह से इस ग्राम में अघोषित भट्ठी का माहौल बना रहता है । एक समाज विशेष के 3 आपराधिक रिकॉर्डधारी व्यक्तियों के परिवार द्वारा अवैध शराब बेचने व शासन - प्रशासन से मनुहार पर मनुहार के बाद भी इस पर स्थायी रोक न लगने व लिप्त परिवार द्वारा ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों के ?मनाही को भी अनदेखा करने से ग्रामीणों का? आक्रोश दिनोदिन पनप रहा था । अवैध शराब बिक्री से त्रस्त ग्रामों की? टेकारी में आयोजित बैठक में इसके खिलाफ मुहिम छेड़ने के निर्णय व? पुलिस प्रशासन को सूचना देने के बाद बीते शनिवार को थाना अमला ने इस ग्राम के एक कोचिया को 50 पौव्वा शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया था । इसके बाद भी इस कोचिये के परिवार व? 2 अन्य कोचियों द्वारा अवैध शराब बिक्री जारी रखने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया था व बीते सोमवार को महिलाओं ने ग्रामीण सभा व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ जा इन कोचियों को समझाईश दी थी । इसके बाद भी बीते कल मंगलवार को होलिका दहन के दिन इनके द्वारा शराब का जखीरा रख शराब बिक्री जारी रखने की जानकारी मिलने पर आनन फानन में महिलाओं ने ग्रामीणों को इकट्ठा किया । सरपंच जनक यदु ने आबकारी व पुलिस प्रशासन को फोन के माध्यम से इसकी जानकारी दी पर संभवतः अन्य व्यस्तता के चलते नहीं पहुंच पाये । इधर बढ़ रहे आक्रोश के अन्यथा रुप लेने से पहले ही ग्राम के बड़े बुजुर्गो के समझाईश पर महिलाओं ने ग्रामीणों के साथ कोचियों के ?घरो के रास्ते की नाकाबंदी कर पहरा देना शुरू कर दिया और आने वाले मदिराप्रेमियो को समझाईश व भविष्य में फिर इस ओर रुख न करने की चेतावनी दे वापस लौटाना शुरू किया । इसके चलते नजदीकी ग्रामों से आने वाले मदिराप्रेमी भी खाली हाथ लौटे । ग्रामीणों ने होली त्यौहार के बाद एक बैठक लेने व इस घटनाक्रम की पूरी जानकारी क्षेत्रीय सांसद व विधायक सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को देने का निर्णय लिया है । सरपंच जनक यदु , उपसरपंच ललित वर्मा , पंचगण लक्ष्मण धृतलहरे , ईश्वर साहू , राजकुमार बंजारे , नारायण वर्मा , राजेश्वर पारधी , इंदरमण ?चौहान , श्रीमती गौरी वर्मा , श्रीमती सुरूज साहू , श्रीमती माधुरी वर्मा , श्रीमती चंद्रिका वर्मा , श्रीमती सावित्री वर्मा , श्रीमती जनक बाई वर्मा , श्रीमती रवीना शर्मा व श्रीमती ललिता कोसले सहित ग्रामीण सभा अध्यक्ष रामस्वरूप साहू , सचिव बबला शर्मा , सदस्यगण राजू बंजारे , गैदराम वर्मा , रिखी पारधी , गैदराम साहू , करणसिंह चौहान , व टेनू वर्मा तथा दुलेश साहू आदि ने मदिराप्रेमियो को बुडेनी न पहुंचने का आग्रह करते हुये आगाह किया है कि आक्रोशित महिलाओं व ग्रामीणों के द्वारा किये जाने वाले बर्ताव व कार्यवाही के लिये वे स्वयं जिम्मेदार रहेंगे ।

# स्वामी आत्मानंद तालाब को बचाने आगे आई ग्रीनआर्मी

- 10 मार्च को एक व्यक्ति एक धमेला एवं 12 को मानव श्रृंखला का अगाज किया जाएगा



**रायपुर 10 मार्च।** चौबे कॉलोनी स्थित जनउपयोगी, सांस्कृतिक,धार्मिक एवं अन्य कार्यो में उपयोग होने वाली स्वामी आत्मानंद तालाब को बचाने हेतु ग्रीन आर्मी द्वारा एक व्यक्ति एक धमेला मुरूम मिटटी हटाओ का आज प्रतीकात्मक अभियान शुरू किया गया. ग्रीन आर्मी के संस्थापक अमिताभ दुबे एवं ग्रीन आर्मी समता कालोनी जोन के अध्यक्ष विजय हिशीकर ने संयुक्त रूप से बताया कि जब तक स्वामी आत्मानंद तालाब से मुरूम एवं मिट्टी नहीं हटेगी तब तक यह आंदोलन लगातार जारी रहेगी, इसी कड़ी में कल 10 मार्च को ग्रीन आर्मी एवं गायत्री परिवार द्वारा तालाब को बचाने व संरक्षण हेतु हवन पूजन तथा स्थानीय नागरिकों द्वारा मुरूममिट्टी निकालने हेतू श्रमदान किया जाएगा इसी कड़ी में रविवार 12 मार्च को तालाब बचाने हेतू तालाब की एक परिक्रमा मानव श्रृखंला बनाई जाएगी, ग्रीन आर्मी ने स्थानीय नागरिकों एवं सदस्यों से निवेदन किया है कि कल 10 मार्च को प्रातः 8 बजे आप सभी शीतला मंदिर के पास अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जनउपयोगी तालाब बचाने में सहयोग प्रदान करें।ज्ञात हो 6 अप्रेल 2022 को माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष को यादगार बनाने देश के प्रत्येक जिले में 75 तालाबों के निर्माण का सुझाव दिये थे। माननीय मोदी जी ने कहा था तापमान लगातार बढ़ रहा है आने वाले समय में पानी की किल्लत और विकराल हो सकती है। हम स्थानीय निवासीयों को भी इस ओर ध्यान केन्द्रीत करना होगा तालाब को बचाने आगे आना होगा कल स्वामी आत्मानंद तालाब को बचाने हेतु सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी राजीव श्रीवास्तव, ज़ोन प्रभारी विनीत शर्मा, सुबोध शर्मा, डीडी नगर जोन की अध्यक्षा डॉक्टर गोपा शर्मा, ब्राह्मणपारा जोंन से नवीन शुक्ला, सुरक्षित भव संस्था से सुनील धूपड़ एवं वहां के स्थानीय नागरिकों द्वारा मुरूम मिट्टी निकालने हेतू कार सेवा प्रदान करेंगे. सभी ग्रीन आर्मी के सदस्यों से निवेदन है कि कल 10 मार्च को प्रातः 8 बजे आप सभी शीतला मंदिर के पास अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनउपयोगी एवं सांस्कृतिक, धार्मिक व अन्य कार्य में उपयोग होने वाली आत्मानंद तालाब को बचाने मे सहयोग प्रदान करेंगे।

### चरणदास महंत ने सोहन पोटाई के निधन पर शोक जताया

**रायपुर 10 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कांकेर लोकसभा से पूर्व सांसद श्री सोहन पोटाई के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। डॉ महंत ने कहा प्रदेश सोहन पोटाई जी के राजनैतिक - सामाजिक योगदान को सदैव याद रखेगा।

# शराब परिवहन करते एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 मार्च।** श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय अभिषेक मीणा के नेतृत्व मे जिले मे अवैध शराब पर चलाये जा रहे अभियान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन मे एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के निर्देशन मे थाना प्रभारी विनय सिंह बघेल के नेतृत्व में अवैध शराब परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में उप निरीक्षक मनीष शेण्डे एवं थाना स्टाफ द्वारा भ्रमण पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम सांकरा तिराहा चौक सोमनी मे रेड कार्यवाही कर अरोपी युगल साहू ऊर्फ युगल किशोर साहू पिता चोवा राम साहू उम्र 24 साल साकिन सिंघोला ओपी सुरगी थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव छ0ग0 के कब्जे से अवैध देशी शराब एवं स्कूटी एक्टीवा जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 06.3.2023 को थाना प्रभारी विनय सिंह बघेल के निर्देशन में उप निरीक्षक मनीष शेण्डे के हमराह आर0 120 बीसराम वर्मा आर0 34 महेश रजक के साथ टीम बनाकर थाना क्षेत्र में भम्रण पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना के आधार पर रेड कार्यवाही कर ग्राम सांकरा तिराहा चौक सोमनी मे आरोपी युगल किशोर साहू से 250 पौवा देशी मंदिरा प्लेन शराब जुमला 45000 मिलीलीटर किमती करीबन 20,000 रूपये एंव एक सफेद रंग की एक्टीवा क्रमांक सीजी 08 एएम 6090 किमती 40000 रूपये जुमला रकम 60,000/-रूपये को विधिवत मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया7 मामला अजमानतीय होने से आरोपी को रिमांड फार्म तैयार कर माननीय न्यायालय मे दिनांक 07.03.23 को पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मनीष शेण्डे के हमराह आर0 120 बीसराम वर्मा आर0 34 महेश रजक एवं थाना स्टाफ का उल्लेखनीय भूमिका रहा।

# होली पर्व समूह की महिलाओं के लिए रहा बहुत खास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 मार्च।** इस बार होली का रंगों भरा पर्व समूह की महिलाओं के लिए बहुत खास रहा। उनका उल्लास और खुशी दुगुनी हुई है। समूह की महिलाओं ने फूल, पत्तियों, भाजियों से अनोखे प्राकृतिक रंग बनाये। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर महिला समूह ने 1 हजार 524 किलोग्राम हर्बल गुलाल निर्मित किया। जिले में 1 हजार 451 किलो ग्राम हर्बल गुलाल की बिक्री हुई, जिससे समूह की महिलाओं को 4 लाख 14 हजार रूपए का फायदा हुआ। राजनांदगांव जिले में निर्मित बिहान हर्बल गुलाल से मुख्यमंत्री निवास में होली उत्सव मनाया गया। बिहान हर्बल गुलाल से समूह की महिलाओं के जीवन में खुशी के रंग बिखरे हैं। उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हैं। बिहान की महिलाओं ने गुलाल से गुलाबी, गेंदे से पीला, पलास से नारंगी, पालक एवं नीम से हरे रंग के बेहतरीन हर्बल गुलाल बनाये, जिनकी मार्केट में खूब डिमांड रही। समूह की महिलाओं ने मंदिर में चढ़ाये गये फूलों से उम्दा रंग बनाये। स्थानीय बाजार के साथ ही सी-मार्ट के माध्यम से बिहान हर्बल गुलाल की बिक्री हुई। इकोफ्रेंडली होने के कारण बिहान हर्बल गुलाल की मांग बढ़ी। रासायनिक रंगों के दुष्प्रभाव के कारण जनसामान्य ने भी हर्बल गुलाल की खरीदी की। कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में हर्बल गुलाल की बिक्री के लिये लगातार कार्य किया गया। जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार के निर्देशन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की टीम ने बेहतरीन कार्य किया। हर्बल गुलाल की आकर्षक पैकेजिंग ब्रांडिंग की गई। समूह की महिलाओं ने स्वयं पैकिंग का कार्य भी किया गया। शुद्ध हर्बल गुलाल तैयार कर आकर्षण पैकेजिंग ब्रांडिंग के साथ होली के अवसर पर सभी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, औद्योगिक संस्थाओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विक्रय किया गया। छुरिया विकासखंड की गुलाब एवं माला आजीविका संकुल समूह की महिलाओं ने 875 किलो हर्बल गुलाल किया गया। जिसमें से 1 लाख 63 हजार रूपए के 815 किलो विक्रय किया। इसी तरह डोंगरगढ़ विकासखंड के जय सेवा जय बुढ़ादेव समूह की महिलाओं ने 175 किलोग्राम निर्माण किया गया, जिसमें से सभी का विक्रय कर 36 हजार रूपए प्राप्त किया। राजनांदगांव विकासखंड के स्वरधारा एफपीसी सुरगी समूह द्वारा 450 किलोग्राम निर्मित किया गया था, जिसमें से अब तक 437 किलोग्राम बिक्री कर 2 लाख 5 हजार रूपए प्राप्त किया।

### वन विभाग ने किया एक वाहन सहित सागौन का अवैध चिरान जब्त

**रायपुर10 मार्च ।** वन विभाग द्वारा वन अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान लगातार जारी है। इस तारतम्य में विगत दिवस वन मंडल बिलासपुर के बेलगहना परिक्षेत्र अंतर्गत एक वाहन- ट्रेक्टर सहित सागौन के 18 नग सिलपट जब्त किए गए है। इसके जब्ती की कार्रवाई वन मंडलाधिकारी श्री कुमार निशांत के निर्देशन में गठित विभागीय टीम द्वारा क्षेत्र में गस्त के दौरान की गई। विभााग द्वारा आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ वनोपज अधिनियम के तहत कार्रवाई जारी है।



### राज्य सरकार के बजट से पंचायत प्रतिनिधियों में छाई निराशा

**खैरागढ़ 10 मार्च।** राज्य सरकार के द्वारा पेश किए गए बजट से ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी नही होने से बजट के प्रति पंचायत प्रतिनिधियों ने निराशा व्यक्त करते हुए राज्य सरकार के द्वारा ग्राम पंचायतों का अनदेखी का आरोप लगाया है बता दें कि इस वर्ष विधानसभा चुनाव होना है लेकिन शुरू से ही ग्राम पंचायतों के कई योजनाएं बंद हो गए जिससे किसी प्रकार के विकास कार्य ग्राम पंचायतों में नही हो रहे हैं बल्कि केंद्र सरकार के द्वारा पन्द्रहवें वित्त योजना से ही ग्राम पंचायतों में काम हो रहा है साथ ही मनरेगा मटेरियल कार्यो में पन्द्रहवें वित्त की राशि को अभिषरण करने से ग्राम पंचायतों को मूलभूत आवश्यकताओं में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है पंचायत प्रतिनिधियों की उपेक्षा से आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका असर देखने को मिल सकता है वही अगर बात गाँव की करे तो इस पंचवर्षीय में शुरू से ही वैश्विक महामारी कोरोना के चलते ग्रामीण स्तर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने ढाई साल तक अपने गाँव को सुरक्षित रखने के लिए शासन प्रशासन के साथ कोरोना वारियर्स के रूप में कार्य किया है तथा कोरोना टीकाकरण के लिए ग्रामीणों को काफी समझाइस दिलाकर टीकाकरण करवाया है उसके बाद राज्य सरकार के द्वारा ग्राम पंचायतों में किसी तरह की नई योजना नही लागू करना या फिर गौठान समितियों के प्रति रुचि दिखाते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकतर गौठान समिति से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया साथ ही राज्य सरकार के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा राजधानी कूच करने के बावजूद किसी तरह की कोई मांगो पर बजट में प्रावधान नहीं करने से ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच काफी दुखी हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष स्कूल मरम्मत सहित नए भवन निर्माण में राज्य सरकार के द्वारा 50 लाख रुपये से कम के कार्यो में ग्राम पंचायतों को कार्य एजेंसी नही बनाने से सरपंचो में रोष व्याप्त है वही मूलभूत की राशि समय में नही मिलना और इसमे किसी तरह के बढ़ोतरी नही करने से ग्राम पंचायतों के विकास पर ग्रहण लगने के आसार हैं।

### शहर में अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो युवकों पर आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही

**जगदलपुर 10 मार्च।** उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन में जिला में असमाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में आगामी 08 मार्च को होली त्यौहार के मद्देनजर निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्ण होली के उद्देश्य से शहर में अवैध रूप से शराब तस्करी करते पाये गये युवको पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। जिस तारतम्य में उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पॉल के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार के पर्यवेक्षण में अलग-अलग टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। ज्ञात हो कि दिनांक 04.03.2023 को शहर में अवैध शराब तस्करी की सूचना प्राप्त हुई थी जिस पर वरिष्ठ अधिकारियो के नेतृत्व में टीम तैयार कर, कुदालगांव चैक एन0एच0-30 पर टीम द्वारा नाकाबंदी किया गया। जहॉ पर एक व्यक्ति नीला रंग के डिस्कवर मो0सा0 क्रमांक- ष्द् 17 द्म ड्ड 8887 वाहन के पीछे तीन कार्टुन को पॉलीथिन ढककर रखा लाते मिला जिनसे नाम पता पुछताछ पर अपना नाम लुक्केश्वर सिन्हा पिता जयराम सिन्हा उम्र 27 साल नि0 ग्राम जैबेल थाना करपावंड का बताया और अंग्रेजी शराब को दिगर राज्य से बिक्री करने जगदलपुर लाना बताया। जिसके पास में रखे कार्टुन को चेक करने पर 150 नग 27 बल्क लीटर मिला।

### जेके फाउंडेशन की क्राउन होल्डर्स और मेम्बरस ने बिखेरे होली के रंग

**रायपुर 10 मार्च।** जेके फाउंडेशन के होली मिलन होटल द मार्क में सभी क्राउन होल्डर्स और मेम्बरस को रंग गुलाल,तिलक लगा कर अध्यक्ष जया रेड्डी और माया बेनर्जी, प्रीति शर्मा द्वारा स्वागत किया गया।। अध्यक्ष जया रेड्डी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली का त्यौहार बड़े जोश के साथ मनाया जा रहा है। सभी मेम्बर्स को 2 ड्रेस कोड दिया गया था एक सफ़ेद रंग और दूसरा फंकी लुक उसी थीम में सभी तैयार हो कर आये थे। फागुन के गीत में लगातर नृत्य करते हुए बिंदु सोनी फर्स्ट , संचना,ललिता चोपड़ा को सेकंड और रूमा कर को थर्ड चुना गया। कार्यकम मे मुख्य आकर्षण का केंद्र सभी फंकी लुक में आये क्राउन होल्डर्स रहे। सभी मॉडल्स ने कैट वॉक करते हुए अपना प्रतिभा दिखाई जिसमे मिसेस उमा कुशवाहा ओर सरोज गुप्ता को प्रथम,दूसरे स्थान पर मिसेस भावना नाथोनी और प्रीति त्रिपाठी, तथा तीसरे स्थान में अर्चना वर्मा,ओर नीता गहरवाल ने बाजी मारी ।

## नियमितीकरण का लाभ लेकर जुर्माना से बचने आयुक्त ने नागरिकों से की अपील

# अनाधिकृत भवनों के नियमितिकरण की प्रगति की समीक्षा के लिये आयुक्त ने ली वास्तुविदों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 10 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनहित में जारी आदेशानुसार छ.ग.अनाधिकृत विकास नियमितिकरण (संशोधन) अधिनियम/नियम 2022 के तहत 14 जुलाई 2022 तक निर्मित अनाधिकृत भवनों का नियमितीकरण एक वर्ष तक की अवधि के लिये किया जाना है, जिसमें 120 वर्ग मीटर तक के भूखण्ड मे निर्मित भवन का निःशुल्क एवं 120 वर्ग मीटर के अधिक भूखण्ड में निर्मित भवन का नाममात्र शुल्क में नियमितीकरण किया जाना है। शासन की उक्त योजना का नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ देने निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने निगम सभागृह में आज अपरान्ह में निगम के अभियंताओं एवं वास्तुविदों की बैठक लेकर किये गये नियमितीकरण की प्रगति की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक नियमितीकरण करने वास्तुविदों को निर्देशित किये।आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बैठक में सभी वास्तुविदों से अब तक आवासीय एवं व्यवसायिक भवनों के किये गये नियमितीकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन वास्तुविदों द्वारा नियमितीकरण की गयी है, वे और भी तेजी से नियमितीकरण करावे, ताकि नागरिकों को योजना का लाभ मिल सके। साथ ही नियमितीकरण के लिये जो भी प्रकरण निगम के भवन अनुज्ञा विभाग में लगाया गया है उसकी जल्द से जल्द प्रक्रिया पूर्ण की जाये। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने वास्तुविदों से कहा कि अपने अपने क्षेत्र के लोगों से सम्पर्क कर अवैध भवनों का नियमितीकरण कराने जानकारी देवें। उन्हें शासन की योजना के बारे में बताये कि शासन द्वारा जनहित को ध्यान रखते हुये बिना अनुमति के भवन निर्माण स्वीकृति के अतिरिक्त भवन निर्माण, भू उपयोग परिवर्तन एवं पार्किंग का उल्लंघन कर किये गये अनाधिकृत भवन निर्माण जो दिनांक 14 जुलाई 2022 के पूर्व से ही निर्मित है, को बहुत ही कम शास्ति शुल्क के साथ नियमितीकरण करने का निर्णय लिया गया है, इसके साथ ही छोटे भूखण्डधारियों जिनके भूखण्ड का क्षेत्रफल 120 वर्ग मीटर से कम है को निःशुल्क नियमितीकरण करने का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने कहा कि नियममीकरण के लिये जानकारी देवे, कि नगर निगम क्षेत्रांतर्गत के नियमितीकरण के प्रकरणों का ले आउट नगर निगम में पंजीकृत इंजीनियर से तैयार कराकर आवेदन के साथ प्रस्तुत करना है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग 300 वर्ग मीटर से अधिक आकर के भूखण्डों पर लागू होगा। उन्होंने बताया कि नियमितीकरण के लिये आवेदन के साथ भूमि स्वामित्व दस्तावेंज (अधतन बी-1, पी-2), खसरा बटांकन, बिजली बिल, सम्पत्तिकर, लेआउट, भवन अनुज्ञा, आर्किटेक्ट द्वारा वर्तमान में निर्मित भवन, मानचित्र का ले आउट, 5 प्रतियो में भवन के चारो तरफ का फोटोग्राफ भवन का स्थल मानचित्र प्रस्तुत करना होगा। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि सभी वास्तुविद नियमितीकरण के प्रकरणों में वृद्धि करे, इस संबंध में कल दिनांक 10 मार्च 2023 संध्या 5 बजे निगम सभागृह में चेम्बर ऑफ कामर्स एवं व्यापारियों की बैठक बुलाई जायेगी, जिसमें उन्हें नियमितीकरण की जानकारी देकर नियमितीकरण कराकर की जाने वाली वैधानिक कार्यवाही से बचने अपील की जावेगी। बैठक में वास्तुविदों ने भी नियमितीकरण कराये गये प्रकरणों के संबंध में जानकारी दिये। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि दिनांक 14 जुलाई 2023 तक अपने अवैध भवनों को नियमितीकरण के तहत वैध करावें और भविष्य में निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जाने वाली वैधानिक कार्यवाही व जुर्माना से बचे। बैठक में उपयुक्त श्री सुनील अग्रहरि, कार्यपान अभियंता श्री यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम व श्री दीपक अग्रवाल,उप अभियंता श्री दीपक महला, सुश्री सुषमा साहू, व श्री तिलकराज घ्रुव सहित वास्तुविद उपस्थित थे।

संपादकीय

# बजट में सभी का ख्याल रखा गया

सरकार कोई भी हो वह अपने बजट में सभी का ख्याल रखती है तथा हर किसी को कुछ न कुछ देने का प्रयास करती है। ताकि सभी खुश रहे और सरकार की तारीप करें। फिर यह तो सरकार का चुनाव के पहले अंतिम बजट है, इसलिए इसमें राज्य के कर्मियों, हर वर्ग के लोगों की लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा करने का प्रयास किया गया है। बजट में हर वर्ग को उम्मीद रहीती है कि सरकार उसे कुछ तो देगी। सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम बजट में सभी की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया है। चुनावी साल में सरकार किसी बड़े वर्ग को नाराज नहीं कर सकती, इससे राजनीतिक रूप से नुकसान हो सकता है। इसलिए बजट में पुराने वादे पूरे करने की घोषणा की गई है। जो काम सरकार नहीं कर उसे पूरा करने का प्रयास किया गया है। राज्य के बेरोजागरों को बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा राज्य सरकार ने की है। वैसे तो कांग्रेस का कहना है कि उसने अपने चुनाव घोषणा पत्र में बेरोजगारी भत्ता देने का कोई वादा नहीं किया था लेकिन उसके बाद राज्य के युवाओं के हित में देने की घोषणा की गई है तथा बजट में इसके लिए 250 करोड़ रुपए रखे गए हैं। इसी तरह सरकार पर आरोप लगता रहा है कि वह राज्य के गरीबों को पीएम आवास देने असफल रही है, इसलिए बजट में इसके लिए राशि का प्रावधान किया गया है। इससे गरीहों का पक्का आवास का सपना साकार होगा तथा राज्य सरकार को चुनाव में जो राजनीतिक नुकसान होता वह अब नहीं होगा।भाजपा के अभियान को अब राज्य के गरीबों पर कोई असर नही पड़ेगा। सरकार ने बजट में शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया है इसलिए शिक्षा का बजट सबसे ज्यादा बढ़ाया गया है, न्याय योजना सरकार की सबसे अहम योजना है, इसके लिए कृषि बजट का आधे से ज्यादा हिस्सा रखा गया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस की जीत किसानों का धान 2500 रुपए में खरीदने के कारण भी हुई थी। इस बार धान खरीदी 2800 रुपए में करने की घोषणा भूपेश बघेल न अधिवेशन के अंतिमि दिन की थी। राज्य की शिक्षा व्यवस्था का आधुनिक बनाने के लिए राज्य में सरकारी अंग्रेजी स्कूल खोलने की जरूरत है, इस बार के बजट में101 नए आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल खोलने की बात कही गई है। अंबेडकर अस्पताल में 700 बिस्तरों का भवन बनाने की बात कही गई है. यह भी शहर की जरूरत है,इससे अंबेडकर अस्पताल में ज्यादा लोगों का इलाज हो सकेगा। राज्य की सड़कों के लिए 500 करोड़ रुपए रखे गए हैं। बैंकुठपुर में नई हवाई पट्टी बनाने की बात कही गई है। डायल 112 योजना बूरे राज्य में लागू करने की बात कही गई है। शासकीय कर्मचारियों सहित अन्य संगठन मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे थे, बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय 10 हजार, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का 7000 तथा आंगनबाड़ी सहायिका मानेदय पांच हजार कर दिया गया है। मितानिनों का अतिरिक्त 2200 प्रति माह बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा ग्राम कोटवार, ग्राम पटेल, मध्यान्ह भोजने बनाने वाले रसोईयों, स्कूल के स्वच्छत कर्मियों, होमगार्ड जवानों , गोठानों के अध्यक्षों की जो भी मांग थी पूरी की गई है। इस बजट की खासियत यह है कि इसमें कोई बड़े वादे नहीं किए गए हैं, भविष्य के वादे भी नहीं किए गए हैं। ऐसी घोषणाएं की गई है कि जिसका सीधा लाब लोगों को मिलेगा। लोगों को लगेगा कि सरकार ने बजट में जो कहा वह पूरा किया । सत्ता संभालने से लेकर अब तक भूपेश सरकार जनता को देने वाली सरकार के रूप में अपनी पहचान बनाई है, अपने आखिरी बजट में भी भूपेश सरकार ने अपनी यह विशेष पहचान बनाए रखी है। इस बात में दो मत नहीं है कि भूपेश बघेल सरकार ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में जितने वादे किए थे, उनमें से ज्यादतर वादे पूरे कर दिए हैं। लेकिन अब भी कई वादे हैं जो पूरे किए जाने हैं लेकिन इस बजट में वह पूरे नहीं किए गए हैं। इनमें सबेस प्रमुख है शराबबंदी। यह वादा एक प्रमुख वादा है और यह वादा सरकार अब तक पूरा नहीं कर सकी है। इसके अलावा अन्य कई छोटे छेटे वादे जिसे सरकार ने पूरे नहीं किए हैं। कौन नहीं जानता है कि आज देश की राजनीति में जनता को सीधा लाभ देने पर केंद्रित है,देश हो या राज्य सरकार सबका जोर रहता है। इसका फायदा यह होता है कि सरकार या पार्टी का अपना एक लाभार्थी वर्ग बन जाता है, जो चुनाव के वक्त वोट बैंक के रूप में पार्टी को जिताने के काम आता है। यह लाभार्थी वर्ग जितना बड़ा होता है, पार्टी के जीतने की संभावना उतनी ही ज्यादा होती है। भूपेश बघेल ने अपने पांच साल के कार्यकाल में राज्य में छत्तीसगढी अस्मिता, व विभिन्न योजनाओं के जरिए एक बड़ा लाभार्थी वर्ग बनाया है तो आने वाले विधानसभा चुनाव में यह साफ होगा कि यह लाभार्थी वर्ग उनके कितना काम आता है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। अगर बिजनेस में हैं तो आपको फायदा मिलने वाला है। मान-सम्मान बढेगा। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। इस राशि के वकीलों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु , वे, वो)**-आज का दिन बेहतरीन रहेगा। किसी नई जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेसमैन है आज उन्हें कहीं अच्छी जगह निवेश करने का मौका मिलेगा, जिसका फायदा आपको भविष्य में होगा। आज ऑफिस की तरफ से ऑनलाइन कोई बिजनेस मीटिंग ज्वाइन करेंगे। आज दोस्तों के साथ बात कर के मूड अच्छा होगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। साथ ही आपको अपने सब कामों को निपटाने की गति जरा धीमी करनी होगी, क्योकि जल्दी मे काम निपटाने के चक्कर में आपसे गलतियाँ हो सकती है। अपनी बेहतर प्रतिभा को दिखाते हुए अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश करें।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज आपका दिन सही रहेगा। आप उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं तो आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आपको अपने दोस्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा, जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके। अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव मिलेगा। आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी दोस्त से अपनी कोई बात शेयर करेंगे। आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाऐंगे। आपके इस विचार को देखकर परिवार का मन उत्साह से भर जाएगा। साथ ही आज घर पर अपने मनपसंद खाने का आनंद उठाएंगे।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा बस आज पैसों के लेन-देन से बचें। कहीं निवेश कर रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज अपने गुस्से पर कंट्रोल करें इससे आपके बिगड़ते हुए काम पूरे हो जाएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज किसी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आयेगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। इस राशि के प्रोफेशर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी अच्छे कॉलेज में लेक्चर देने के लिए ऑफर आ सकता है। साथ ही लॉ के स्टूडेंट्स आज आगे की पढ़ाई करने के लिए फार्म भर सकते है। माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सारे कामों में सफलता जरुर मिलेगी।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। जीवन साथी के सहयोग से आपको किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। अगर कहीं निवेश करना चाह रहें है तो किसी जानकर से सलाह लेकर ही करें। अगर आज नये बिजनेस की शुरूआत करने की सोच रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आपका दिन खास रहेगा। इस राशि के अविवाहितों को आज विवाह के लिए शादी का प्रस्ताव आ सकता है। आज आपके घर का माहौल अच्छा रहेगा। आज सोशल मीडिया पर किसी ऐसे व्यक्ति से बात हो सकती है जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। आज जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के जरुरी कामों में हाथ बटा सकते है, जिससे उन्हे थोड़ा राहत महसूस होगी। पिता बच्चों के साथ समय बिताएंगें। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आपका आज का दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के लोगों को आज के दिन कम्प्यूटर से रिलेटेड सामान खरीदना शुभ है। आज आपको माता-पिता से स्नेह मिलेगा। किसी कार्य को करने में आज आपके सामने कई बड़ी चुनौतियां आएंगी। जिसे आप धैर्य के साथ सॉल्व कर लेंगे। आज समाज में आपको अपनी आपके सामाजिक कार्यो के लिए सम्मानित किया जायेगा। निवेश करने के लिए आज का दिन आपके लिए शुभ है।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आपका आज का दिन बेहतरीन रहेगा। संचार सेवा और इंटरनेट से जुड़े लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के बिजनेस वाले लोग अपने जरूरी कागजों को संभालकर रखें साथ ही कागजी कार्यवाही में सावधानी रखें। कानूनी मामले में आज आपको राहत मिलने के असार नजर आ रहे है। आज परिवार वालों को खुश करने के लिए घर में छोटी पार्टी कर सकते हैं।

# हम हिन्द की हैं नारियां....

## महिला दिवस पर विशेष

तमन्ना मतलानी,गोंदिया



हमारे भारत देश में आज के आधुनिक युग में महिलाओं को पुरुषों के बराबरी का स्थान हासिल है। स्त्री पुरुष समानता का भाव भी अब लोगों के दिलों में गहरा होता जा रहा है।एक समय ऐसा था जब स्त्रियों को केवल शोभा की वस्तु समझा जाता था , लेकिन स्त्रियों ने भी दिखा दिया है कि वह पुरुषों के मुकाबले में किसी भी क्षेत्र में उन्नीस नहीं है। आज के आधुनिक युग में हम अगर स्त्रियों के स्थान की व्याख्या करना चाहें तो हमें शब्द कम पड़ जाएंगे। पश्चिमी देशों के साथ ही आज हमारे भारत देश में भी स्त्रियों ने दिखा दिया है कि वह हर वो कार्य कर सकती है जिसमें केवल पुरुषों का ही एकाधिकार समझा जाता था । आज महिलाओं ने बड़ी-बड़ी कंपनियों , बैंको तथा उद्योगों में सी.ई.ओ. का पद हासिल कर लिया है ।

रक्षा क्षेत्र में जहां स्त्रियों का जाना असंभव सा माना जाता था वहां पर भी स्त्रियों ने अपना दम-खम दिखा दिया है ।भारत की जल सेना, थल सेना तथा वायु सेना इन तीनों सेनाओं में स्त्रियों ने न केवल उच्च पद हासिल कर लिया है बल्कि उन्होंने अपने कौशल्य और बहादुरी के दम पर अपना एक विशेष स्थान भी बना लिया है।

आज हम देख सकते हैं कि महिलाएं शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अपना एक अलग स्थान बना रही है। हम देख सकते हैं कि बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा (चत्र ष्ट्यड्डुह्यद्गह्य) देने में पुरुषों के मुकाबले में एक महिला शिक्षिका अपना दायित्व ज्यादा जिम्मेदारी पूर्वक निभा रही है, क्योंकि यह शिक्षा वह *मां* बन कर देती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हम देखते हैं कि एक पुरुष डॉक्टर के साथ-साथ एक महिला परिचारिका की भी ख्याति होती रही है । यह सब मैं एक महिला होने के नाते नहीं कह रही हूं बल्कि आप स्वयं अनुभव कर सकते हैं । आज हमारे देश की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है। आप स्वयं कल्पना कीजिए कि अगर महिलाओं को सिर्फ घर कार्य करने हेतु छोड़ दिया जाता तो हमारे देश की हालत महिला शक्ति के बिना क्या होती ? मैं अपनी बातों से पुरुषों की अहमियत को कम नहीं करना चाहती , मैं तो बस



इतना ही कहना चाहती हूं कि ,देश की आधी आबादी अगर निष्क्रिय होकर केवल घर की शोभा बढ़ा रही होती तो हमारा भारत देश वह मुकाम शायद इतने थोड़े से वक्त में हासिल नहीं कर सकता था, जिस मुकाम पर आज हमारा देश खड़ा है। हमारे देश की आर्थिक उन्नति में महिलाओं का भी योगदान उतना ही है जितना कि एक पुरुष का है । देश के विकास में इतना अधिक योगदान होते हुए भी महिलाओं के लिए क्यों यह पंक्तियां सच साबित होती रहती हैं कि ......

क्यों है इसके जीवन में इतना हाहाकार?
क्यों नहीं इसे स्वतंत्रता का अधिकार?
क्यों बढ़ता जाए इस पर परिस्थितियों का अत्याचार?
क्यों होता रहे इसके मान-सम्मान का पल-पल बलात्कार?
है तमन्ना मिलकर करें सब महिलाओं का सत्कार।

मैं यह भी नहीं कहना चाहती कि सभी महिलाओं ने घर से बाहर जाकर हर क्षेत्र में अपना नाम ऊंचा किया है ।मैं तो सिर्फ इतना ही कहूंगी कि अगर पुरुषों ने अपने सामाजिक दायरे को बढ़ाया है तो उसके पीछे भी एक स्त्री का मजबूत और भावनात्मक सहयोग छुपा हुआ है । क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि अगर गृहणी अपने परिवार को पूरा सम्मान नहीं देती , बच्चों की पढ़ाई की ओर ध्यान नहीं देती , सास-ससुर को माता पिता का दर्जा ना देती , देवर-ननद को भाई-बहन जैसा प्यार ना देती तो क्या पुरुष निश्चित होकर इन सब दायित्वों का निर्वाह करते हुए अकेला ही सब कार्य कर सकता था ? जी नहीं बिल्कुल नहीं ,क्योंकि आज का पुरुष भी नारी के सहयोग के बिना अधूरा ही है।

सच पूछो तो नारी को हम सर्वगुण संपन्न होने का दर्जा दे सकते हैं क्योंकि वह अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए, घर परिवार का पूरा ख्याल रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना एक महत्वपूर्ण योगदान दे रही है ।अगर नारी कहीं नौकरी भी करती है तो वह अपने घर के दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वाह करते हुए अपने कर्म क्षेत्र को भी अपनाती है। गृहस्थ जीवन के दो पहिये माने गये है, एक पहिया पुरुष है तो दूसरे पहिये का स्थान नारी को हासिल है क्योंकि उसके बिना गृहस्थ जीवन अथवा परिवार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

उन बच्चों से पूछिए जिनके सर पर मां का हाथ नहीं है , उन पुरुषों से पूछिए जिनकी जीवन-संगिनी का अकस्मात निधन हो गया है , वे आप सभी को भली-भांति समझा सकते हैं कि जीवन में स्त्री का महत्व हर एक रिश्ते में कितना जरूरी है। मैं भी एक नारी हूं इसलिए नारी के रूप में निर्वाह किए गए अपने कर्तव्यों का मुझे पूर्ण ज्ञान है। मैं यह नहीं कह सकती कि नारी में कोई कमी नहीं होती पर अगर उसमें कोई कमी रह जाती है , तो वह उस कमी की पूर्ति अपनी दूसरी खूबी से कर लेती है।

एक नारी पुरुष के सहयोग के बिना भी अपना जीवन, अपना परिवार कुशल तरीके से चला सकती है यही उसकी पहचान है ।

भारतीय इतिहास से लेकर आज के वर्तमान युग तक हम नारी द्वारा किए गए कार्यों को भली-भांति देख सकते हैं...

क्या हम झांसी की रानी के कौशल्य और वीरता को भुला सकते हैं?क्या हम इंदिरा गांधी द्वारा पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाले साहसिक कार्य को विसरा सकते हैं ? क्या हम हमारे देश की पूर्व रक्षा मंत्री और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की देश को मजबूती देने और उनके बुलन्द इरादों को हम अनदेखा कर सकते है?

मैं अगर नारी शक्ति की व्याख्या करने बैठूंगी तो शायद कागज भी कम पड़ जाएंगे । कहने का एक छोटा सा अर्थ यह है कि आज महिला दिवस के उपलक्ष में नारी के छोटे से योगदान को भी हमें याद रखना चाहिए ।

सभी स्त्रियों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....

आज के दिन नारी शक्ति से बस इतनी सी गुजारिश है कि वे अपने परिवार , समाज और देश

# डिजिटल युग में भी करें पत्रों से संवाद

## चिंतन

सुनील कुमार महला



आज डिजिटल तकनीक का युग है। इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम का युग है। यही कारण है कि आज हम पत्रों से संवाद करना लगभग लगभग भूल चुके हैं। आज की युवा पीढ़ी डाकघर में मिलने वाले अंतर्देशीय पत्र, पोस्टकार्ड आदि के बारे में जानती ही नहीं होगी। आज सब टेक्स्ट मैसेज लिखते हैं, व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम का जमकर प्रयोग करते हैं लेकिन पत्र लिखने में जो भावनाएं मौजूद थीं, जिस भाषा का हम पत्रों में इस्तेमाल करते थे, आज वह भाषा, भावनाएं दोनों ही नदारद हो गई हैं। आज पत्र-पत्रिकाओं के संपादकों को कोई विरले ही चिट्ठी लिखता होगा।वैसे भी आज के इंटरनेट, आधुनिक युग में किसी संपादक के पास इतना समय नहीं होता है कि वह पाठकों, लेखकों की एक एक चिट्ठियाँ खोलकर पढ़ें और बाद में उन्हें अपने अखबार में प्रकाशित करें। पहले संपादकों द्वारा पाठकों, लेखकों की चिट्ठियों को लंबे समय तक संभाल कर रखा जाता था और बहुत बार तो चिट्ठियां महीनों के अंतराल पर अखबार में प्रकाशित होती थी, जिसका आनंद ही कुछ और था। आज फटाफट का जमाना है। एक ही दिन में एक अखबार के पास सैकड़ों, हजारों ई मेल आते हैं, लिखा बहुत जा रहा है लेकिन इस प्रकार के लेखन से भावनाएं गायब हैं। पहले के जमाने में संदेश पहुंचाने का सबसे बेहतरीन माध्यम पत्र थे, लेकिन आज की युवा पीढ़ी इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर तो आसानी से लिख सकती है लेकिन यदि उसे हाथ में अंतर्देशीय पत्र या पोस्टकार्ड थमा दिया जाए तो उसके वश की बात नहीं कि वह पत्र लिखकर अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सके। सच तो यह है कि आज हमने लिखने-लिखाने की कला को खो दिया है। हम भावों को व्यक्त करते हैं लेकिन %इमोजी% का प्रयोग करके। मुझे नहीं लगता है कि आज की युवा पीढ़ी कभी पोस्ट आफिस जाकर अंतर्देशीय पत्र, पोस्टकार्ड इत्यादि की मांग करती होगी। अब तो चिट्ठियां भी कम ही आतीं हैं, क्योंकि लिखने वाले नहीं बचे हैं, अथवा चिट्ठियां लिखने वालों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आ गई है। पहले के जमाने में लोग डाकिए का बेसब्री से इंतजार करते थे, वह बैग लटकाये अपनी साईकिल से आता था और घर-घर चिट्ठियां बांटता था, सेना के लोग तो पहले रेडियो व चिट्ठियों पर ही (मनोरंजन, संदेश पहुंचाने) के लिए आधारित थे। चिट्ठियां लिखने-लिखाने का बड़ा प्रचलन था, महत्व था। छोटी कक्षाओं से ही बच्चों को चिट्ठी लिखना सिखाया जाता था, आज शायद नहीं अथवा बहुत ही कम। शायद यही कारण भी है कि आज हमारे पास शब्दों का भंडार भी कम हो गया है। इंटरनेट, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, टेक्स्ट मैसेज हम आज शॉर्टकट में लिखते हैं। हम सिर्फ़ और सिर्फ़ अपने मैसेज को आज दूसरों को %कनवे% करते हैं, पूरे शब्द विरले ही लिखते हैं, इससे हमारी भाषा शैली पर भी काफी प्रभाव पड़ा है। आज मोबाइल, लैपटॉप में आटो करैक्टर फीचर मौजूद हैं, स्पेलिंग्स अपने आप आटोमैटिक रूप से करेक्ट या ठीक हो जाती हैं। इससे हमारी वर्तनी कमजोर हो रही है, हम शुद्ध-अशुद्ध में फर्क नहीं कर पा रहे हैं, बहुत से मायनों में हम गलत या अशुद्ध ही लिख रहे हैं। आज सबकुछ हमारे मोबाइल, लैपटॉप की मैमोरी में सेव हो रहा है, पहले संपादक, घर के सदस्य, सेना के जवान सभी पत्रों को बहुत ही चाव से सहेज कर रखते थे, आज ऐसा करने का न तो किसी के पास समय रहा है और न ही ऐसे कार्यों में किसी की रूचि ही रही है। तकनीक के साथ ही आज संदेश भेजने के तरीकों में आमूल चूल परिवर्तन आ चुके हैं। इंटरनेट और मोबाइल के जमाने में क्या हमें पत्र-लेखन से दूर हो जाना चाहिए ? या आज नये जमाने के साथ चलते हुए तकनीक का उपयोग करना चाहिए ? तकनीक का उपयोग बुरा नहीं है लेकिन हमें पत्र-लेखन की कला तो आनी ही चाहिए, क्यों कि जो बात पत्र-लेखन में है, वह बात इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर लेखन में नहीं हो सकती है। पत्र-लेखन का अपना महत्व व फायदे हैं। पत्र लेखन एक बहुत बड़ी कला है। पत्रों के माध्यम से हम हमारी भावनाओं, हमारे विचारों, हमारी अंदरूनी बातों को काग़ज़ के कैनवास पर उतारते हैं। पत्रों में अपने पन का अहसास होता है जो कि आधुनिक तकनीक में कभी नहीं हो सकता है। सच तो यह है कि आजकल पत्र लेखक को एक खोई हुई कला के रूप में जाना जाने लगा है। आप स्वयं को आज से बीच-पच्चीस बरस पहले के जमाने में ले जाइए आपको आज भी खत, डाकिये और खतों के इंतजार के लम्हे याद आयेंगे। आज संचार माध्यमों, वाट्सऐप, फेसबुक के चलन से पत्र लेखन का काम धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। हालांकि सरकारी कामों में इन पत्र लेखन का काम जिंदा है। अब डाक विभाग से कहीं चिट्ठियां आतीं हैं तो अधिकतर सरकारी चिट्ठियां ही आतीं हैं। साक्षात्कार के लिए भी आजकल ई-मेल से मैसेज आने लगे हैं, जमाना पूरी तरह से बदल गया है। वर्तमान में संदेशों का आदान-प्रदान होता है, मगर जो जज्बात पत्र लेखन के समय उमड़ते थे, वह अब नदारद हो गए हैं। एक समय था जब डाकिया पत्र लेकर हमारे घर पहुंचता था तो हमें अपनों की यादें ताजा हो जाती थीं। आज संदेश व्यक्ति विशेष तक सीमित हो गए हैं, सबके पास एंड्रॉयड मोबाइल हैं, आज के संदेशों में परिवार की भावना नहीं होती। पहले चिट्ठियों को बारी-बारी से सभी पढ़ते थे। बच्चे पहले पत्र पढ़कर भाषा सीखते थे, वह पत्र की शैली का जाने-अनजाने में ही अध्ययन करते थे और पत्र लेखन सीख जाते थे। वो बड़ों की भावनाओं की अभिव्यक्ति का साकार रूप देख पाते थे, आजकल ऐसा नहीं है। संदेश व्यक्ति विशेष तक सीमित हैं। पत्र

लेखन की उपयोगिता अथवा महत्व यह है कि किसी भी निजी अथवा व्यापारिक सूचनाओं को प्राप्त करने तथा भेजने के लिए पत्र व्यवहार विषय कारगर है। प्रेम, क्रोध, जिज्ञासा, प्रार्थना, आदेश, निमंत्रण आदि अनेक भावों को व्यक्त करने के लिए पत्र लेखन का सहारा लिया जाता है। आज युवाओं को औपचारिक, अनौपचारिक पत्रों के बारे में विशेष जानकारी विरले ही है। आज की युवा पीढ़ी शायद ही जानती हो कि औपचारिक पत्रों में व्यावसायिक, आधिकारिक, सामाजिक व रोजगार पत्र जबकि अनौपचारिक पत्रों में व्यक्तिगत जानकारी शामिल होती है। वास्तव में, इन्हें व्यक्तिगत पत्र के रूप में भी जाना जाता है। इस प्रकार का पत्र आम तौर पर दोस्तों या परिवारों को भावनाओं, समाचारों आदि को साझा करने के लिए लिखा जाता है। इन पत्रों के लिखने का कोई ठोस कारण हो भी सकता है और नहीं भी। औपचारिक पत्र में भेजने वाले का पता,तारीख, पत्र प्राप्त करने वाले का पता, विषय, अभिवादन, संदेश, विनम्रतापूर्वक समापन तथा सिग्नेचर लाइन आदि को शामिल किया जाता है।दूर रहने वाले अपने सगे- संबंधियों, रिश्तेदारों, दोस्तों, मित्रों की कुशलता जानने के लिए तथा अपनी कुशलता का समाचार देने के लिए, कोई भी संदेह पहुंचाने के लिए, सूचना के लिए पत्र एक महत्वपूर्ण साधन है। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यों के लिए भी पत्र लिखे जाते है।सरकारी व निजी संस्थाओं के अधिकारियों को अपनी समस्याओं आदि की जानकारी देने के लिए पत्रादि लिखने पड़ते हैं। संचार क्रांति के युग में भले ही हम पत्र लेखन की कला को भुला दें, लेकिन पत्र-लेखन का महत्व कभी भी कम नहीं हो पाएगा। सच तो यह है कि पत्र-लेखन को हम अपने अतीत का हिस्सा न बनाएं, परीक्षा में मात्र अंक प्राप्त करने के लिए बच्चों को पत्र-लेखन न सिखाएं। पत्र हमारे भावों से जुड़े होते हैं, इसलिए हम पत्र-लिखकर अपने भावों को संजोए। पत्र लिखकर हम अपने अंदर आत्मविश्वास की भावनाएं जगा सकते हैं, अपने तनाव, डिप्रेशन को दूर कर सकते हैं। जीवन में आत्मबल को बढ़ा सकते हैं, सफलता, सहजता का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। शब्दों, भाषा शैली को बेहतरीन बना सकते हैं। अत: आइए हम पत्रों की दुनिया में लौटें।

# कमलनाथ:नेता से,जननेता की ओर यात्रा

जीएल सोनाने



मध्यप्रदेश में , एक लम्बे समय से एक ऐसे नेता की ज़रूरत कांग्रेस को थीं , जो अभिजात्य हो कर भी , जनता की समस्या और उसके समाधान के लिए, न सिर्फ़ फ़िक्रमंद हो , बल्कि, उस चिंता से जूड कर , जनता के लिए उसके समाधान हेतु , प्रयत्नशील भी दिखें - और , इस मामले में , कमलनाथ सही साबित होते हैं। सन् 2018 में , में जब वे पार्टी प्रमुख हो कर , भोपाल आये थे , तो उन दिनों कांग्रेस कार्यकर्ता और , पब्लिक खुद इस बात को दिल से बोलती थीं कि , यह पहला नेता प्रदेश को मिला है , जो ज़रूरत पड़ने पर , खुदजनता के लिए उद्योग डाल सकता है। एक नेता के प्रतिजनता का ये विश्वास बहुत बड़े संतोष का प्रमाण पत्र है। पिछले दिनों कमलनाथ आदिवासियों के प्रिय त्योहार भगोरिया में शामिल हुए । उन्होंने ढोल पर थाप दीं और आदिवासियों के साथ झूमें भी। यह भूमिका, कमलनाथ की एक और जनप्रिय यात्रा की गौरवशाली शुरूआत है - जिसकी लम्बे समय से प्रदेश को प्रतीक्षा थीं।स्व0कुँअर अर्जुन सिंह और राजा दिग्विजय सिंह के बाद , कांग्रेस नेताओं में जनता के प्रति लगाव और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए, कमलनाथ की सहजता और सतर्कता देखते बनती है। विधानसभा चुनाव के लिये गठित चुनाव वचन पत्र की बैठकों में , उनकी यही सम्वेदनशीलता दिखती है। वे छोटी सी छोटी बात का ध्यान रखते हैं और उसके कारण होने वाले परिणामों के बारे में भी बहुत साफ़ रूप से बैठक में अपने विचार रखते हैं। वे , महिला सशक्तिकरण के लिए विश्व की सबसे बड़ी कल्याणकारी योजना की प्लानिंग भी कर रहे हैं। वे



पार्टी की गतिविधियों में लम्बे समय से शामिल नहीं होने वाले किंतु वरिष्ठ नेताओं के प्रति , उनकी सेवाओं का वे बराबर ध्यान रखते हैं। और इसीलिए उन सब को साथ ले कर चलने के अपने दृढ निश्चय के चलते ही बार बार उन्हें सक्रिय करने के प्रयास भी कर रहे हैं। ऐसे नेताओं को ज़िम्मेदारी भी दे कर ,उन्हें यह राहत भरा मैसेज दे रहे हैं कि , पार्टी को उनकी सेवा की ज़रूरत है ,इसलिए पार्टी के लिये वे और ऐसे सब सक्रिय हो जायें। राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा में भी कमलनाथ ने , अपने दीर्घ राजनीतिक जीवन के अनुभवों का लाभ पार्टी को दिया , ताकि यह यात्रा, सफलतापूर्वक मध्यप्रदेश से निकल सके , और यही हुआ भी। राहुल गांधी की इस महती यात्रा को यादगार बनाने में , प्रदेश के कांग्रेसियों की मेहनत के साथ साथ कमलनाथ की , दूरदर्शितापूर्ण योजना भी थी। प्रतिपक्ष के लोगों के प्रति भी, कमलनाथ की जागरूकता और सहजता , देखते ही बनती है। कांग्रेस के एक नेता के एक बयान को ले कर , भाजपाइयों की कथित नाराज़गी को , कमलनाथ ने बड़ी सहजता से निपटाया ही नहीं , बल्कि बंगले पर भेंट के लिए आये भाजपा के कार्यकर्ताओं से उन्होंने बड़े उत्साह से भेंट भी कीं। बाद में संतुष्ट कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ के साथ ग्रूप फोटों भी लिया। कमलनाथ, मध्यप्रदेश में कांग्रेस की स्थिति से भलीभाँति वाकफ़ि हैं और वे यह भी जानते हैं कि प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति क्या और कैसी है ? और , इसीलिए वे सावधानी और सतर्कता के साथ , कदम बड़ा रहे हैं। वे जानते हैं कि लगातार बीस बरसों से कांग्रेस सत्ता से दूर है और कार्यकर्ताओं पर भाजपा सरकार के दबाव का भारी तनाव है। ऐसी स्थिति में , कमलनाथ का अनुभव ,उनकी गम्भीरता और सबको साथ ले कर चलने की उनकी कार्यप्रणाली ही , कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जान फूंक रही है। और वे इसी पैटर्न को इसीलिये अपना भी रहे हैं। कमलनाथ , भलीभाँति जानते हैं कि वर्तमान परिस्थितियाँ, कांग्रेस के लिये कितनी अनुकूल है ? और इसीलिये वे इन तमाम विपरीत स्थितियों को ध्यान में रख कर ही अपनी योजनाओं पर काम कर रहे हैं। कांग्रेस,अगला विधानसभा चुनाव किन परिस्थितियों में लड़ेगी और , उसके लिये पार्टी को कितनी ताक़त लगानी होगी ? वे यह भी जानते हैं कि कांग्रेस धनबल ,बाहुबल और संगठन के स्तर पर किस स्टेज पर है और , उनकी लड़ाई किसपार्टी से है। और इसीलिये , वे बिछड़ेऔर घर बैठ गये सभी नेता और कार्यकर्ताओं को साधने में लगे हैं - और ऐसे वक्त वे सबसे यही कहते हैं कि यदिपार्टी ही नहीं रहेगी तो ,हमारी आपकी क्या हैसियत बचेगी ! इसलिए आज के संघर्ष का हर पल और और आज का हरमौका , जीतने के लिए है ,एकजुट होने के लिए है - इसमें , गलती से भी गलतीनहीं होनी चाहिए ! और , इसीलिए कमलनाथ कार्यकर्ताओं को अपनी हर बातचीत में विश्वास दिलाते हैं कि , यही योजना अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत का कारण भी बनेगी !

## सेहत

# नाखूनों को आकर्षक बनाता हैं नेलआर्ट, पार्लर जैसा लुक देने के लिए आजमाए

फैशन की परिभाषा और तरीका समय के साथ बदलता रहता है। जो फैशन कल था, वो आज नहीं है और जो फैशन आज है, वो आने वाले कल में नहीं होगा। ऐसे में आज के समय में नेलआर्ट का फैशन बहुत उभरकर सामने आया हैं। नाखूनों को आकर्षक बनाने के लिए ज्यादातर महिलाएं नेल आर्ट की मदद लेती हैं। इसके लिए महिलाएं पार्लर जाना पसंद करती हैं। लेकिन अगर आप चाहें तो घर में पर ही इससे जुड़ी आम चीजों का इस्तेमाल करके अपनी क्रिएटिविटी के अनुसार परफेक्ट नेल आर्ट बना सकती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको नेल आर्ट करने के कुछ टूल्स के बारे में बताने जा रहे हैं जो आपके किट में जरूर होने चाहिए। आइये जानते हैं.. रिमूवर की जरुरत नेल पॉलिश को हटाने के लिए किया जाता है। इसके लिए नेल पॉलिश रिमूवर वाइप्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन वाइप्स का आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। आपको बता दें कि इसमें एसीटोन और एल्कोहल नहीं होता है।

नेल आर्ट बनाने के लिए नेल आर्ट किट में डॉटिंग टूल्स का होना बेहद जरुरी है। यह नाखूनों पर डॉट बनाने में मदद करता हैं। यदि आप नेल आर्ट करना सीख रहे हैं, तो आपके लिए घर पर ऑन-फ्लीक नेल आर्ट बनाने के लिए एक डॉटिंग टूल का इस्तेमाल सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। आप या तो नेल पेन में निवेश कर सकते हैं या टूथपिक, बॉबी पिन, ऑरेंज स्टिक या पेंसिल जैसी नुकीली वस्तुओं का उपयोग कर सकते हैं, जो भी उपलब्ध हो।

# गीदम मेडिकल कॉलेज मां दंतेश्वरी के नाम पर होगा: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री दंतेवाड़ा में आयोजित फागुन मड़ई में आए, देवी-देवताओं के बिदाई समारोह में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 10 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित फागुन मड़ई में आए देवी-देवताओं के बिदाई समारोह में शामिल हुए। यहां मुख्यमंत्री ने गीदम में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नामकरण मां दंतेश्वरी के नाम पर करने, गीदम को नए राजस्व अनुभाग का दर्जा देने और शंखनी-डंखनी नदी में पर्यटन के लिए रिवर फ्रंट व्यू पॉइंट का निर्माण करने की घोषणा की। फागुन मड़ई में आए देवी-देवताओं के बिदाई समारोह में पहली बार शामिल हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने यहां ओड़ीसा, तेलंगाना सहित बस्तर के 851 देवी, देवताओं की बिदाई को अदभुत बताया। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति के कई रंग हैं, बस्तर के दशहरा के समान दंतेवाड़ा की फागुन मड़ई भी पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। मां दंतेश्वरी के आंगन में होली खेलने के लिए क्षेत्र के सैकड़ों देवी-देवता यहां आते हैं। हमारे यहां की आदिवासी परंपराओं के पीछे जो भाव, दर्शन



और कथाएं हैं, उसे जाने-समझे बिना छत्तीसगढ़ की संस्कृति को नहीं पहचाना जा सकता। सरकार ने अपनी गौरवशाली और अनूठी परंपराओं और तीज-त्यौहारों को सहेजने का काम किया है। गांव-गांव में स्थित देवगुड़ियों के संरक्षण का काम भी इसी उद्देश्य से शुरू किया है। आदिवासी परंपराओं को आगे बढ़ाने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी, हाट पहरिया, बजा मोहरिया को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में शामिल करते हुए उनके लिए 7 हजार रुपए की वार्षिक सहायता की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में कोटवारों, गांव के पटेलों, मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले रसोइयों, स्कूलों के स्वच्छता कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सहायिकाओं, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और होमगार्ड के जवानों के मानदेय में वृद्धि का प्रावधान किया गया है। राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना के जरिये छत्तीसगढ़ में भगवान राम से जुड़ी ऐसी ही स्मृतियों को सहेजा जा रहा है। राज्य सरकार ने इस साल के बजट में भी छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहारों और परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' की घोषणा की है। राज्य के आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए विश्वास, विकास और सुरक्षा की नीति अपनाई है। बस्तर को पहले नक्सली घटनाओं के लिए जाना जाता था, आज बस्तर की पहचान दंतेवाड़ा का डेनेक्स, जगदलपुर का काजू और कॉफी, नारायणपुर की फूल झाड़ू, कोंडागांव का तिखुर और कांकेर के मिलेट्स कारखाने से होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल के बजट में प्रदेश में चार नये मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की गई है, इनमें से एक मेडिकल कॉलेज गीदम में खोला जाएगा। मेडिकल कॉलेज के स्थापना से अंचल में चिकित्सकों की कमी दूर होगी और यहां के बच्चे अध्ययन कर यहीं अपनी सेवाएं देंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न जगहों से पहुँचे देवी-देवताओं के आशीर्वाद से बस्तर उन्नति की राह पर चलेगा। कार्यक्रम को उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा, सांसद श्री दीपक बैज, विधायक श्रीमती देवती कर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम मंडावी, विधायक चित्रकोट श्री राजमन बेंजाम, क्रेडा के अध्यक्ष श्री मिथलेश स्वर्णकार, इंद्रावती विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री राजीव शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, मुख्यमन्त्री सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, कमिश्नर श्री श्याम धावड़े, आईजी श्री सुंदरराज पी., संचालक खनिज विभाग श्री जय प्रकाश मौर्य, कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, मंदिर समिति के पुजारी, मांझी चालकी व अन्य सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम के उपरांत पुजारियों को सामग्री भेंट की। जिसमे विकासखंड कटेकल्याण के श्री अनतराम पुजारी, कटेकल्याण जिहाकोड़ता के श्री दशरू कवासी, गीदम विकासखंड के तुमनार निवासी श्री बुधराम डेगल, दंतेवाड़ा विकासखंड से श्री रामलाल गायता, जगदलपुर महुपाल के श्री आशाराम पुजारी को भेंट दिए। कार्यक्रम में जिले के सामुदायिक वन अधिकार पत्र के वितरण के तहत 5 देवगुड़ियों को प्रतीकात्मक स्वरूप सामुदायिक वन अधिकार पत्र का वितरण किया गया।

## एक नजर

### जिले के बंधक मजदूरों को तमिलनाडु से लाया गया वापस

**उत्तर बस्तर कांकेर 10 मार्च।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के बंधक मजदूरों को तमिलनाडु से वापस लाकर अप्राप्त मजदूरी राशि का भुगतान कराया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को कांकेर जिले के मूरागांव, खसगांव, अलनार के नाबालिग बच्चों को बंधक बनाने की सूचना मिलने पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए तमिलनाडु राज्य के धर्मापुरी जिले के ग्राम पंचायत कोदूर में 4 नाबालिग बच्चे व 6 श्रमिकों को लाने हेतु रेस्क्यू दल का गठन किया गया। कलेक्टर के निर्देशन में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग एवं चाइल्ड लाइन के सदस्य की टीम तैयार कर तमिलनाडु रवाना किया गया, जहां पर लोकेशन के आधार पर इन बच्चों व श्रमिकों तक पहुंचने में सफलता मिली। धर्मापुरी के आरडीओ ऑफिसर श्रीमती टी.आर. गीता रानी के सहयोग से सभी बाल श्रमिक और श्रमिकों को स्थानीय प्रशासन की मदद से अप्राप्त मुआवजा राशि 02 लाख 16 हजार 200 रुपये भुगतान कराया गया।

### मुख्यमंत्री ने चखा तेन्दू से बनी आइसक्रीम का स्वाद

**दंतेवाड़ा, 10 मार्च।** फाल्गुन मंडई कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जिला प्रशासन के नवाचार तेंदू फल के आइसक्रीम का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने तेन्दु फल से निर्मित आइसक्रीम की प्रशंसा करते हुए एक अच्छा पहल बताया। जिला प्रशासन, दन्तेवाड़ा के सहयोग से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र दन्तेवाड़ा द्वारा मौसमी तेंदू के फल से आइसक्रीम बनाने का पहल किया गया। तेंदू का पेड़ लघु वनोपज के श्रेणी में आता है। इसके पत्तियों को बीडी बनाने के उपयोग में लाया जाता है। जो कि बस्तर में हरा सोना के नाम से प्रचलित है। यह भारत के पूर्वी हिस्सों एवं मध्य भारत में बहुतायत में पाया जाता है। अभी तक व्यावसायिक रूप से इसके पत्तियों का उपयोग किया जाता रहा है व फल का उपयोग ग्रामीण जन अपने खाने में तथा उसी मौसम में लोकल बाजारों में ही बेच कर आय प्राप्त करते है। ताजा पके फल को सुरक्षित रखने की अवधि बहुत कम होती है। अगर ताजे फल के गुदा को प्रसंस्कृत कर माईनस 20-40 डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखते है तो पूरे वर्ष भर तेन्दू फल का स्वाद लिया जा सकता है। जिसके तारतम्य में कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा तेंदू फल का प्रसंस्करण कर आइसक्रीम व तेन्दू सेक बनाने का अन्वेषी कार्य प्रारंभ किया गया है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री तुडू ने अधिकारियों की बैठक ली

**दंतेवाड़ा, 10 मार्च।** केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री बिस्वेश्वर तुडू भारत सरकार जल शक्ति एवं जनजातीय



कार्य मंत्रालय नई दिल्ली आज दंतेवाड़ा पहुँचे। उन्होंने सर्किट हाउस स्थल पर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री ने डीएमएफ मद के व्यय की जानकारी ली। उन्होंने डीएमएफ एवं सीएसआर मद अंतर्गत जिले में हुए कार्यों के बारे में और संबंधित अधिकारियों से वर्तमान में चल रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज, मल्टी विलेज के बारे में जानकारी ली। साथ ही जिले में अब तक कितने ग्रामों तक पानी पहुंचायी गयी है इस सबंध में भी पूछा। आदिवासी विकास विभाग से आश्रम स्कूलों के बारे में जानकारी ली उन्होंने विगत वर्षों में पढ़ाई एवं खेल के क्षेत्र में बच्चों के उपलब्धियों के संबंध में पूछा। अमृत सरोवर के प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने केंद्रीय स्तर पर चलाये जा रहे स्कीम का बेहतर क्रियान्वयन करने की बात कही। बैठक पश्चात अधिकारियों द्वारा केंद्रीय मंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार, एसपी श्री सिद्धार्थ तिवारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### आदिवासी विकास विभाग में बुदनी कश्यप को मिली अनुकंपा नियुक्ति



**जगदलपुर, 10 मार्च।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार के मार्गदर्शन में आदिवासी विकास विभाग द्वारा शासकीय सेवक स्व. श्री लखु राम मौर्य के असामयिक मृत्यु होने के उपरांत उनके आश्रित परिवार की पुत्री श्रीमती बुदनी कश्यप ग्राम पंडरीपानी (मावलीगुड़ा) तहसील जगदलपुर को कन्या आश्रम सेढ़वा विकासखंड दरभा में आकस्मिकता निधि स्थापना अन्तर्गत भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई।

## होली पर विशेष पूजा-अर्चना कर लगाया गुलाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल 10 मार्च।** सामाजिक समरसता, भाईचारे एवं रंगों का त्यौहार होली के पावन अवसर पर बैलाडीला लौहनगरी वासियों की आस्था श्रद्धा का प्रमुख देवस्थाल श्री राघव मंदिर परिसर में दिनांक 7-3-2023 को मंदिर के दैनिक संध्या आरती के पश्चात विशेष पूजा अर्चना के साथ परियोजना के महाप्रबंधक उत्पादन सम्माननीय श्री एस बी सिंह जी, मुख्य अतिथि और महाप्रबंधक माइनिंग श्री एस.के.कोचर जी विशिष्ट अतिथि के कर कमलों से तथा उपस्थित नगरपरिवार के सम्माननीय श्रद्धालु सदस्यों के गरिमामय उपस्थिति में नगर की सुख शांति समृद्धि के लिए बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक



होलिका दहन कर एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए रंग गुलाल लगाकर सभी श्रद्धालुओं को बैलाडीला देवस्थान समिति की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई । इस कार्यक्रम में बैलाडीला देवस्थान समिति के सचिव श्री ए.के.सिंह जी , उपाध्यक्ष श्री ओंम कुमार साहू जी, श्री अखिलेश यादव जी,श्री योगेश पिपरिया जी , श्री अशोक शर्मा जी , श्री डी.पी.डहारिया जी,श्री बी.के. मिश्रा जी,श्री डाल सिंह साहू जी, कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र यादव जी , कार्यालय सचिव श्री रविश तिवारी जी, सांस्कृतिक सचिव श्री देवेन्द्र कुमार साहू जी, श्री कामता प्रसाद डहेरिया जी , सम्माननीय सदस्य श्री कृष्ण जीवन शुक्ला जी, श्री राजू राव जी , श्री मनोज सिंह जी, श्री राजेश सिन्हा जी, श्री डी आर यादव जी ,श्री चंद्रीका गुप्ता जी, श्री गणेश साहू जी आदि भक्तजनों एवं मातृशक्तियों की विशेष उपस्थिति रही ।

## कपड़ा एवं टेलरिंग व्यवसाय को आगे बढ़ाने का मुकेश का सपना हुआ साकार

**उत्तर बस्तर कांकेर 10 मार्च।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्गों को स्वरोजगार हेतु ऋण सहायता एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण दिलाकर स्वावलंबी बनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय से 03 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मनकेशरी निवासी मुकेश कुमार देवांगन 12वीं उत्तीर्ण है। उन्होंने बताया कि पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सका, शासकीय नौकरी की भाग दौड़ से दूर अपने पिता की छोटे से कपड़ा एवं टेलरिंग व्यवसाय को आगे बढ़ाने का सपना था। उन्हें जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से संचालित टर्म लोन योजना के बारे में पता चला। उन्होंने अंत्यावसायी कार्यालय से सम्पर्क कर आवेदन जमा किया और चयन समिति की बैठक में इकाई लागत 03 लाख के लिये मेरा चयन एवं ऋण स्वीकृत किया गया। आवश्यक दस्तावेज जमा करने के उपरान्त कपड़ा दुकान सह टेलर्स सामग्री क्रय किया। मुकेश का कपड़ा दुकान एवं टेलर्स का सपना साकार हुआ। ऋण के रूप में सिलाई मशीन एवं कपड़ा सामाग्री क्रय कर पेन्ट, शर्ट, कोट इत्यादि तैयार कर नया बस स्टैंड काम्पलेस में 08 हजार किराये का दुकान पर व्यवसाय का संचालन कर रहा है। मेरे व्यवसाय से 06 लोगों को रोजगार भी मिला है।

## मानदेय बढाये जाने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मे उत्साह, जताया आभार

**बीजापुर 10 मार्च।** आज उसूर ब्लॉक की आंगनबाड़ी संघ के कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने मुख्यालय आवापल्ली में एकत्रित होकर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी को आभार व्यक्त करने का कार्यक्रम रखा इस कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय कमलेश कारम जी को आमंत्रित किया गया इस अवसर पर आंगनबाड़ी संघ के महिलाओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का एवं क्षेत्रीय विधायक माननीय विक्रम शाह मंडावी जी को एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष माननीय श्री कमलेश कारम जी का धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए भूपेश है तो भरोसा है , भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं रंग गुलाल लगाकर जश्न मनाया इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे जनपद अध्यक्ष सुश्री अनीता तेलम जी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री राजेश वासम जी, विधानसभा अध्यक्ष आईटी सेल शंकर खटबिना, जनपद सदस्य सुश्री सरोजिनी , सरपंच मीनाक्षी, नागेश सोढी, वीरेंद्र वासम, सरवर अंसारी, विक्रम दसारी, विनोद तालुकदार, राजू नोल्ली,जीवन कलमू, श्रावण चापड़ी, एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी संघ के कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित रहे



## एनएमडीसी ने मनाया महिला दिवस

**हैदराबाद, 10 मार्च।** भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी अपने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का समर्थक रहा है।




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 के अवसर परएनएमडीसी ने मासिक धर्म पर एक वार्तालाप का आयोजन किया,एक ऐसी अवधारणा जो अभी भी दुनिया के विभिन्न हिस्सों में वर्जित है। एनएमडीसी ने मुख्य अतिथि के रूप में हैदराबाद की एक प्रमुख प्रसूति-स्त्री रोग विशेषज्ञ और एंडोमेट्रियोसिस पर निरंतर कार्य करने वाली डॉ. विमी बिंद्रा बसु को महिला स्वास्थ्य पर प्रकाश डालने के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. विमी बिंद्रा बसु ने कहा, महिला स्वास्थ्य के बारे में बातचीत विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि दस में से एक महिला प्रजनन से संबंधित मामलों से पीड़ित है और इसके लक्षणों से अनजान है। महिलाओं को आज एक-दूसरे की सहायता करने के लिए सही जानकारी रखने की आवश्यकता है। एंडोमेट्रियोसिस फाउंडेशन ऑफ इंडिया प्रारम्भ करने का उद्देश्य इस विषय पर बातचीत करना और मासिक धर्म से जुड़े वर्जनाओं को तोड़कर अधिकाधिक महिलाओं की मदद करना था। मैं महिलाओं और पुरुषों को समान रूप से आगे आने और अपने घरों में इन चर्चाओं में खुले तौर पर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती हूं।

महिला कर्मचारियों और प्रशिक्षु बालिकाओं द्वारा विभिन्न इनडोर खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने महिला प्रतिभागियों को विशेष स्मृति चिन्ह भेंट किए। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के कार्यक्रमों को जारी रखते हुए उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 के अवसर पर सभी महिलाओं को मिलेट भी वितरित किए।

# प्रधानमंत्री आवास को लेकर भाजपा का धरना

## फिर घेरा विधायक निवास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 10 मार्च।** मोर आवास मोर अधिकार के तहत जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने भाजपा ने जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर विधायक निवास घेरा। जिला मुख्यालय में भाजपा ने नया बस स्टैंड बीजापुर में धरना प्रदर्शन कर आवासहीन हितग्राहियों को आवास देने की मांग की है, मोर आवास मोर अधिकार रैली में हजारों की संख्या में प्रधानमंत्री आवास वंचित महिलाएं, पुरुष व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर भाजपा नेता पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि 4 साल पहले कांग्रेस सरकार विभिन्न वादे करके सत्ता में आई लेकिन यह सरकार जनता की रोटी और मकान छीनने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के गरीबों के लिए 16 लाख प्रधानमंत्री आवास भेजे, लेकिन भुपेश सरकार उसे गरीबों तक पहुंचने क्यों नहीं दे रहे हैं। पूर्व मंत्री गागड़ा ने कहा कि भूपेश




बघेल जी जनता जानना चाहती है कि जन्नत के समान अधिवेशन आप छत्तीसगढ़ की जनता के पैसे खर्च कर रहे हो लेकिन गरीब के मकान के लिए आपके पास पैसा नहीं है।यह छत्तीसगढ़ की जनता के साथ धोखा है और अन्याय है। साथ ही गागड़ा ने कहा कि आज हम जनता के साथ रैली लेकर निकले हैं। याद रखें अगर आपने फिर भी गरीबों को मकान नहीं दिए जनता से किए वादे पूरे नहीं किए तो इतिहास गवाह है कि जनता के गुस्से की यह आक्रोश से कई सरकारों को उखाड़ फेंक चुके हैं।

धरना, रैली व विधायक निवास घेराव का नेतृत्व करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री आवास प्रभावितों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी पर हल्ला बोला,अगर फिर भी सरकार नहीं चाहती और गरीबों को उनका हक, उनका अधिकार प्रधानमंत्री आवास नहीं देती है तो जनता के साथ मिलकर सरकार के सारे द्वार रोक दिए जाएंगे, जाम कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भूपेश जी अपने आकाओं को खुश करने के लिए आप मानवता मत भूल जाइए। आप का प्रथम दायित्व अपनी जनता की ओर है उन्हें उनका हक दिलवाइये। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आवास प्रभावितों के साथ नया बस स्टैंड से रैली लेकर विधायक निवास घेरा और हल्ला बोला। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने आवास के लिए फार्म के साथ शामिल थी। विधायक निवास के बाहर पुलिस प्रशासन ने रैली को बैरिकेड लगाकर रोक दिया आगे नहीं जाने दिया जिससे आक्रोशित होकर प्रभावित जनता नारे लगाकर भूपेश सरकार से मोर आवास मोर अधिकार दिलाने की मांग की। रैली में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष जी वेंकट , विधानसभा प्रभारी दीपक बाजपेयी, जिला उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू, ऊर्मिला तोकल, जिला महामंत्री गोपाल पवार, सतेन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुखलाल पुजारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष घसीराम नाग, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष जिला राम राना, नंद किशोर राणा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बलदेव उरसा, प्रदेश युवा कार्य समिति सदस्य फूलचन्द गागड़ा, महिला मोर्चा के नीता शाह, महेश्वरी झाड़ी, बसंती लिंगम, पूजा पोदी सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण जन मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को मिली नवीन एयर कम्प्रेशर मशीन



**बीजापुर 10 मार्च।** जिला कार्यालय बीजापुर में क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी ने आगामी ग्रीष्मकालीन मौसम को मद्देनजर रखते हुए नवीन एयर कंप्रेशर मशीन पीएचई विभाग को सौंपा। इस एटलस काप्को के नवीन कंप्रेशर मशीन की क्षमता 675 सीएफएम 175 पीएसआई है, नवीन कंप्रेशर से नलकूप खनन कार्य में समय कम लगेगा जिसमें नलकूप खनन में तेजी आएगी और समय कम लगेगा इस कंप्रेशर मशीन से 300 फीट से अधिक गहराई के नलकूप खनन करना संभव हो सकेगा। पेयजल की समस्या से निजात दिलाने डीएमएफ मद से कंप्रेशर मशीन खरीदा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर संग जिला अधिकारियों ने मनाई होली

**बीजापुर10 मार्च।** साप्ताहिक समय-सीमा के बैठक के पश्चात जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समूह की महिलाओं द्वारा बनाएं गए हर्बल गुलाल से कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी, डीएफओ श्री अशोक पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमन राज सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास , केएस मशराम, डिप्टी कलेक्टर मनोज बंजारे, फागेश सिन्हा, विकास सर्वे, उप संचालक पंचायत गीत कुमार सिन्हा, एसडीएम भैरमगढ़ उत्तम सिंह पंचारी, जिला खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, जिला विपणन अधिकारी तामेश नागवंशी, सहायक संचालक मत्स्य श्री मंगीलाल बकोदिया, सीएमओ बीजापुर श्री बीएल नुरेटी सहित जनपद सीईओ प्रभाकर चंद्राकर, एसबी गौतम, जेआर अरकरा सहित सभी तहसीलों के तहसीलदार उपस्थित थे।



### पूर्व सांसद सोहन पोटाई का निधन

**कांकेर 10 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बड़े आदिवासी नेता और कांकेर लोकसभा से पूर्व सांसद सोहन पोटाई का निधन हो गया है। कैंसर की बीमारी से पीड़ित रहे पोटाई ने अपने गृह नगर कांकेर में अंतिम सांस ली है।सोहन पोटाई पहले भाजपा में थे,वह सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष होने के साथ , कांकेर लोकसभा सीट से 4 बार सांसद रह चुके हैं।सोहन पोटाई का जन्म 29 अप्रैल 1958 को हुआ था,वह भाजपा के टिकट से 4 बार कांकेर लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। साल 1998 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे महेंद्र कर्मा को पराजित करके सोहन पोटाई ने पहली दफा कांकेर की सीट भाजपा की झोली में सीट डाली थी। इसके बाद 1999 में छबिला अरविंद नेताम को हराया किया। 2004 में सोहन पोटाई ने कांग्रेसप्रत्याशी गंगा पोटाई ठाकुर को हराकर कर तिकड़ी बनाई. इसके बाद साल 2009 में कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम को हराकर कर लगातार चौथी दफा जीत का कीर्तिमान रचा।



### सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले सचिवों को किया निलंबित

**उत्तर बस्तर कांकेर10 मार्च।** सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिवों को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जनपद पंचायत कांकेर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरागांव के सचिव शिवराम दर्रो, ईरादाह के सचिव महेश मंडावी, कुरिष्टीकुर के सचिव डॉ. प्रसाद प्रधान को निलंबित किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत अंतागढ़ के ग्राम पंचायत अर्रा के सचिव पन्नालाल नेताम, हिन्दूबिनापाल के सचिव नरेश कुमार दुग्गा, बड़ेपिंजोड़ी के सचिव जागेश्वर बघेल, टिमनार के सचिव धरमूराम बघेल, गोड़बिनापाल के सचिव तुलाराम मरकाम, मासबरस के सचिव पीताम्बर नाग, कानागांव के सचिव राजेन्द्र साहू, हिमोड़ा के सचिव बृजलाल कावड़े तथा दुर्गूकोंदल जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गोड़पाल के सचिव दल्लूराम मंडावी, बरहेली के सचिव प्रेमसिंह नाग, कोदापाखा के सचिव कृपाराम बघेल, पचांगी के सचिव रमेश कुमार हिड़को, ओटेकसा के सचिव सहदेव नरेटी, गुदूम के सचिव जगदेव पांडे, सिवनी के सचिव प्रेमलता हुर्रा और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत चांदीपुर के सचिव दीपक सरकार को निलंबित किया गया है। संबंधित सचिवों को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

एक नजर



## सिंधी ब्रादर मंडल के कार्यक्रम में देहदान की अनुकरणीय पहल

**भिलाई, 10 मार्च।** सिंधी ब्रादर मंडल सेक्टर 4 में होली मिलन कार्यक्रम के दौरान देहदान की अनूठी पहल की गई ! सिंधी समाज के पारंपरिक आयोजन के दौरान पारिजात तालपुरी निवासी श्रीमती पद्मा आडवाणी के द्वारा सार्वजनिक मंच से देहदान की वसीयत जारी की गई। इस पुनीत कार्य हेतु प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी द्वारा काउंसलिंग के पश्चात् परिजनों की सहमति से देहदान की औपचारिकता संपन्न करवाई गई। इस दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए पवन केसवानी ने देहदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई ! सिंधी ब्रादर मंडल सेक्टर 4 में पहली बार देहदान हेतु अध्यक्ष जय अम्बवानी, निशा अम्बवानी, मोना मेहरचंदानी, दीपक मेहरचंदानी, सुरेश रत्नानी, अनूप टहलयानी, धनराज टहलयानी, राजेश वरंदानी, सुरेश नागदेव की विशेष सहभागिता रही।


## ग्राम पंचायतों को मूलभूत कार्यों के लिए 3.95 करोड रुपये जारी

**कांकेर 10 मार्च ।** जिले के ग्राम पंचायतों को मूलभूत कार्यों हेतु अनुदान मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 का आबंटन अनुसूचित क्षेत्र के ग्राम पंचायतों को द्वितीय किश्त की राशि 03 करोड़ 95 लाख 79 हजार 700 रूपये जारी किया गया है, जिसमें जिले के 454 ग्राम पंचायतों में प्रति ग्राम पंचायत 87 हजार 180 रूपये के मान से जारी किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने जानकारी दी है कि विकासखण्ड अंतागढ़ के 56 ग्राम पंचायतों के लिए 48 लाख 82 हजार 60 रूपये, विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के 52 ग्राम पंचायतों के लिए 45 लाख 33 हजार 360 रूपये, चारामा विकासखण्ड के 64 ग्राम पंचायतों के लिए 55 लाख 79 हजार 520 रूपये, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के 44 ग्राम पंचायतों के लिए 38 लाख 35 हजार 920 रूपये, कांकेर विकासखण्ड के 64 ग्राम पंचायतों के लिए 55 लाख 79 हजार 520 रूपये, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के 103 ग्राम पंचायतों के लिए 89 लाख 79 हजार 540 रूपये और नरहरपुर विकासखण्ड के 71 ग्राम पंचायतों के लिए 61 लाख 89 हजार 780 रूपये जारी किया गया है।

## उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन ने महिला उद्यमियों के लिए 45 दिनों का प्रशिक्षण आयोजित किया

**रायपुर।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपनी सीएसआर कार्यान्वयन एजेंसी उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से वाराणसी के उत्कर्ष टॉवर में महिला उद्यमियों के लिए स्टार्ट-अप किट हैंडओवर कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन 45 दिनों के ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन का प्रतीक है, जो बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों में आयोजित किया गया था।प्रशिक्षण 4 बैचों में, प्रत्येक बैच में 10 महिलाओं के साथ आयोजित किया गया था। इसके साथ, कुल मिलाकर 40 महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। गाँवों में चलाई जाने वाली महिला सशक्तिकरण की इन पहलों का लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे वे अपने समुदायों के सक्रिय सदस्य के रूप में उभर सकें।इस अवसर पर बोलते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ, श्री गोविंद सिंह ने कहा, ÷उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन हमेशा शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने में सबसे आगे रहा है, जिससे जमीनी आबादी को सशक्त बनाया जा सके। फाउंडेशन ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक पहुंच प्रदान करने के लिए सीएसआर के तहत महत्वपूर्ण पहल की है।

## छिंदोला तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत



**गरियाबंद, 10 मार्च।** जिला मुख्य से 10 किलोमीटर दूर ग्राम छिंदोला के तालाब मे आज सुबह एक व्यक्ति का शव देखा गया । मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छिंदोला में शुक्रवार के सुबह ग्राम के बच्चे नहाने गए थे उसी दौरान बच्चो ने एक शव तालाब में तैरते देखे और इस बात की जानकारी ग्रामीणो को दी जिसके बाद ग्रामीण मौके पर गए और शव को ग्राम के ही अच्छे तैराक 45 वर्षीय संतोष कुमार धितलहरे के रूप में पहचाने जो गरियाबंद में कार्य करता था।वही इसकी जानकारी सीटी कोतवाली को दिए।जानकारी मिलते ही गरियाबंद पुलिस मौके पर पहुची और शव को तालाब से बाहर निकाले साथ ही पंचनामा बनाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गरियाबंद जिला अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा कर मर्ग कायम किया गया है आगे इसकी बारीकी से जांच किया जाएगा वहीं दूसरी ग्रामीणों का कहना है यह एक अच्छा तैराक था और इसकी मौत को लेकर गांव में तरह-तरह के चर्चे विद्यमान है

# नगर निगम के राजस्व विभाग के दफ्तर में रखे दस्तावेज में लगी आग, विपक्ष ने फाइलें गायब कराने का लगाया आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 10 मार्च।** नगर निगम के राजस्व विभाग के दफ्तर में रखे दस्तावेज में आग लग गई ,आग लगने की वजह से राजस्व विभाग के जरूरी दस्तावेज जल गई है।

नगर निगम राजनांदगांव के राजस्व कार्यालय में आग लगने की घटना की सूचना चौकीदार के द्वारा दी गयी, सूचना मिलते ही निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, उपायुक्त सुनील अग्रहरि एवं निगम के अधिकारी व राजस्व का अमला तत्काल निगम के राजस्व कार्यालय पहुच घटना स्थल का मुआयना किया। फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर तत्काल काबू पाया गया। मुआयना में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम देना पाया गया। जिसमें राजस्व कार्यालय के रिकार्ड जले हुये पाये गये।घटना पर आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने उपायुक्त सुनील अग्रहरि को आगजनी में क्षति हुये दस्तावेंजो की जॉच कर सूची पंजीबद्ध कर पंचनामा बनाकर शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिये। निर्देश के परिवालन में राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा आग से जले दस्तावेंज की जॉच की जा रही है।

इस संबंध में संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक का कथन भी लिया जाकर दस्तावेज की जानकारी को पंजीबद्ध किया जा रहा है। पंजीबद्ध उपरांत अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही करने शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। इस सम्बंध में राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर ने बताया कि निगम के राजस्व की कुछ वार्डो की फाइल आगजनी में जली है, जिसकी जांच की जा रही है। कुछ वार्डो के अलावा दुकानो की प्रीमियम राशि की फाइल भी जली है।इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बताया कि सबसे पहले तो आग लगना ही अपने आप मे बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। नगर निगम ने जिस प्रकार की घटना घट रही है, इससे पहले भी कई फाइले गायब हुई है। इसकी जांच के लिए कलेक्टर से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी।

# सूखा नदी में प्रस्तावित बैराज निर्माण को बजट में शामिल किया जाये:भुनेश्वर साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 10 मार्च।** सूखा नदी में बहुप्रतीक्षित बैराज निर्माण को छत्तीसगढ़ शासन के वर्तमान बजट में सामिल करने की मांग करते हुए सुखा नदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवम किसान नेता साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ शासन के वर्तमान बजट में सुखा नदी प्रस्तावित बैराज निर्माण के लिए राशि आवंटित किया जाना चाहिए । ज्ञात हो की फिंगेश्वर विकासखंड के अंतर्गत सुखा नदी के उस पर जामगंव बेल्ट में निरंतर अकाल ग्रस्त क्षेत्र है जहां पर सिंचाई सुविधा के अभाव में किसान प्रति वर्ष अकाल की मार से त्रस्त है ! सूखा नदी में बैराज बनाकर इस समस्या का समाधान किया जा सकता है इसके लिए क्षेत्र के किसान विगत कई वर्षो से निरंतर संघर्ष करते आ रहे है विगत दिनों छत्तीसगढ़ के मा मुख्यमंत्री जी के भेट मुलाकात कार्यक्रम में फिंगेध्वर की सभा में बैराज निर्माण केलिए उनके द्वारा घोषणा किया गया था । इससे क्षेत्र के किसानों में आशा की उम्मीद जगी है परंतु वर्तमान में इसका उल्लेख नहीं होने से किसान निराश हुए है अतः हम सभी सुखा नदी बेल्ट के किसान सरकार से मांग करते है की वर्तमान बजट में इसको सामिल करके किसानों की मांग को पूरा किया जाय। सूखा नदी में प्रस्तावित बैराज के निर्माण होने से पूरा फिंगेश्वर और छुरा विकासखंड में सिंचाई एवम पेयजल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो जायेगा तथा नदी किनारे वाटर लेबल भी बना रहेगा जिसके कारण पूरा क्षेत्र सुजलाम सुफलाम होगा. श्री साहू ने कहा की मांग पूरा नहीं होने पर क्षेत्र के किसान फिर से आंदोलन करने के लिए मजबूत होंगे।

## आबकारी विभाग ने 2 प्रकरणों में 84.2 बल्क लीटर मदिरा जब्त की

**दुर्ग 10 मार्च ।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशन व आबकारी आयुक्त श्री निरंजन दास व प्रबंध संचालक श्री ए.पी. त्रिपाठी उपायुक्त आबकारी अधिकारी नोहर सिंह ठाकुर, अनिमेष नेताम एवं जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा अवैध शराब धारण, विक्रय एवं परिवहन की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर 02 प्रकरण कायम किये गए। पहले प्रकरण में ग्राम मोहरेंगा थाना नंदिनी नगर, जिला दुर्ग में आरोपिया सेवती सिन्हा के ग्राम मोहरेंगा स्थित बाड़ी से कुल 72.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त कर आरोपिया के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 36 एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जाकर जेल दाखिल किया गया।





# आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनाव के पहले किया शक्ति प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 10 मार्च।** छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान कार्यकर्ता सम्मेलन कर आने वाले 2023 विधानसभा चुनाव में तैयारी एवं शक्ति प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल ने कहा, हमारा सीधा मुकाबला कांग्रेस से रहेगी। भाजपा और कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया है। केजरीवाल ने कहां छत्तीसगढ़ में वन संपदा का खनिज बिजली उत्पादन होता है फिर भी यहां के लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पाता। छत्तीसगढ़ के सरकारी दफ्तरों में काम करवाने के लिए आपको घूस देना पड़ता है यह सिलसिला आम आदमी पार्टी आने के बाद खत्म कर देंगे। सीएम भगवंत मान ने कहां बीजेपी व कांग्रेस दोनों एक ही है। जनता के बीच चुनाव में एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाते हैं उसने भ्रष्टाचार किया लेकिन।लेकिन 4 साल पर सत्ता में रही कांग्रेस कितने बीजेपी नेताओं को जांच किया और जेल भेजने का काम। सीएम केजरीवाल ने कहां हमने दिल्ली में शिक्षा मॉडल पूरे देश के लिए मॉडल बन चुका है सरकारी स्कूलों का कायाकल्प किया। दिल्ली में सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूल से बेहतर है वह छत्तीसगढ़ में भी कर देंगे। छत्तीसगढ़ में पिछले 4 सालों में रोजगार नहीं दिया गया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा पंजाब में हम किसानों को 87 त्न किसानों को फ्री बिजली देते हैं। जबकि पंजाब को अन्य राज्यों से बिजली खरीदना पड़ता है। छत्तीसगढ़ में बिजली का उत्पादन होता है यहां तो और बेहतर हो सकता है। कार्यकर्ता सम्मेलन में केजरीवाल ने कहा आने वाला समय में बेहतर शासन व्यवस्था के लिए आम आदमी पार्टी को सहयोग करने का अपील किया गया। केजरीवाल ने छत्तीसगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल के बारे में आलोचना किया यह बेहतर नहीं है। सरकारी स्कूलों का हालत खराब है और बेहतर शिक्षकों की कमी है। 4 सालों में छत्तीसगढ़ के कई सरकारी पद खाली है भर्ती नहीं किया गया।जिला गरियाबंद से प्रदेश भर से काफी संख्या में आम आदमी पार्टी के संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए थे जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष छुरा चमन यादव,बिरसिंग सिन्हा ,दिनेश तारक , नूतेन साहु इश्व पटेल गंगाराम पटेल , गैंदराम सिन्हा सर्कल प्रभारी,हिरालाल साहु एवं आस-पास क्षेत्र के काफी संख्या नागरिकगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर गौठान एवं रीपा के कार्यों का जायजा लेने के लिए कड़ार पहुंचे



**बलौदाबाजार, 10 मार्च।** कलेक्टर रजत बंसल आज लैगशिप योजनाओं के तहत गौठान एवं रीपा के तहत हो रहे कार्यो का जायजा लेने विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम कड़ार के गौठान पहुँचे। उन्होंने रीपा के तहत विकसित किए जा रहे निर्माणाधीन इकाइयां, वर्किंग शेड,बाड़ी एवं चारागाह का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान जनपद सीईओ पांडेय ने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया की महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्री पार्क के तहत यहाँ पशु आहार, बीज संस्करण एवं गारमेंट्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित किया जाएगा। इसके लिए प्रारंभिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। निर्माण का कार्य पूर्ण होते ही मशीनों की स्थापना की जाएगी। धान बीज संस्करण में कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा एवं पशु आहार मैन्युफैक्चरिंग में पशुपालन विभाग के देखरेख में किया जा रहा है। कलेक्टर बंसल ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर कार्य करनें एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने कहा गया है। इसके साथ ही बंसल ने उपस्थित महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों से मिलकर गौठान में संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल किए। महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ने वर्मी कंपोस्ट एवं बाड़ी के कार्य मे अधिक मुनाफा होने की बात कही। साथ ही सदस्यों ने कलेक्टर से एक अतिरिक्त शेड की मांग की जिस पर कलेक्टर ने तत्काल स्वीकृत करतें हुए अतिरिक्त शेड निर्माण करनें के निर्देश स बंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। इस मौके पर महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ने कलेक्टर को बाड़ी में उगे हुए सब्जियों की टोकरी भेंट किए। सीईओ से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौठान में प्रशासनिक भवन 5 लाख रुपये, शौचालय 4 लाख रुपये, गार्ड रूम 2 लाख रुपये, फिनिस्ड फूड रूम निर्माण 6 लाख, स्टोर रूम निर्माण भाग 1, 2, × के लिए 2-2 लाख रुपये, पैकेजिंग रूम 6 लाख रूपये, स्व सहायता समूह हेतु वर्किंग शेड निर्माण शेड 1, 2, × के लिए 19.40 -19.40 लाख रुपये, पोल्ट्री फार्म निर्माण भाग 1, 2 के लिए 14.85-14.85 लाख रुपये एवं तार फेंसिंग एवं गेट निर्माण × लाख 10 हजार रुपये स्वीकृत किए गए इस तरह कुल 1 करोड़ 20 लाख रुपये के निर्माण कार्य किए जा रहे है एवं 40 लाख रुपये मशीनों में एवं 40 लाख रुपये मार्केटिंग, प्रशिक्षण, प्रचार प्रसार सेवाएं एवं अन्य में उपयोग किए जाएंगे।

# जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष बने कमलेश कारम और सचिव अब्दुल मोईन खान




**बीजापुर, 10 मार्च।** छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ की बैठक 5.3.2023 को होटल लोटस भिलाई में संपन्न हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र यादव एवं भारतीय फेंसिंग संघ के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष माननीय श्री बशीर अहमद खान छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के महासचिव श्री समीर खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही साथ इस बैठक में छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष डॉ आलोक दुबे (अध्यक्ष रायपुर जिला हैंडबाल संघ) संस्था के उपाध्यक्ष श्री सैय्यद इमरान अली( सचिव महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ) श्री सुरेश क्रिस्टफेर सहसचिव श्री एस डी के मिश्रा श्री मो. अजीज़ ( सचिव बस्तर जिला हैंडबॉल संघ) एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। राज्य के सभी जिलों के हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष एवं सचिव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कुछ नए जिला हैंडबॉल संघ का गठन किया गया है जिसमे बीजापुर जिला हैंडबॉल संघ की कमान सौंपी गई है बीजापुर जिले के ऊर्जावान और कर्मठ जनप्रतिनिधि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम जी और साथ ही साथ जिला हैंडबॉल संघ के सचिव के पद पर श्री अब्दुल मोईन खान को नियुक्त किया गया है जो कि स्वामी आत्मानंद स्कूल आवापल्ली में व्यख्याता के रूप में पदस्थ हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में हैंडबॉल संघ के खेल को बढ़ावा देने एवं राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता कराने के लिए चर्चा हुई। इस अवसर पर बीजापुर विधयाक श्री विक्रम मंडावी जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा एसपी श्री आंजनेय वाष्णेर्य बी.ई.ओ आवापल्ली संतोष गुप्ता,मण्डल संयोजक कृष्णा पेंदम्पली संस्था के प्राचार्य टी के दुर्गम श्शंकर मुठेला भूपेंद्र मड़े श्री मोहन लाल निषाद पूर्णचंद बेहरा केशव तोगर शेख़ मोइनुद्दीन एवं अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएँ दी।

समाचार संक्षेप

## नक्सली मौजूदगी का एसहास कराने वारदात कर रहे

**सुकमा, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिले में नक्सली अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए लगातार पुलिस फोर्स को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं. आज सुबह सर्चिंग पर निकले जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने बीजीएल व अन्य विस्फोटक सामग्री नक्सलियों की बरामद की है।

मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह 6¬00 सुकमा जिले के किस्टारम थाना क्षेत्र के डब्बामरका पुलिस कैंप से कोबरा 208 व की संयुक्त टीम को नक्सल विरोधी अभियान के लिए सकलेर क्षेत्र में रवाना किया गया था. और करीब 7 जंगल में मौजूद नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों को अपनी ओर आता देख अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. जिसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए हैं नक्सलियों पर जवाबी कार्यवाही की।घटना की जानकारी देते हुए सुकमा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि जवानों के जवाबी कार्यवाही में पांच से छह नक्सली घायल हो गए. जिन्हें सुरक्षाबल के जवानों ने घायल अवस्था में भागते हुए देखा. जिसके बाद जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए. मुठभेड़ रुकते ही जवानों ने इलाके में सर्चिंग तेज कर दी. और घटनास्थल से नक्सलियों द्वारा दागे गए बीजीएल व अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की है. साथ ही जवानों ने इलाके को चारों तरफ से घेर रखा है. और इलाके में सर्चिंग तेज कर दी है।

## मुठभेड़, नक्सली सामान छोड़कर भागे

**सुकमा, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज दिनांक 9 मार्च 2023 की सुबह 6 बजे के क़रीब डब्बामर्क कैम्प से 208 और की संयुक्त दल नक्सल विरोधी अभियान पर सकलेर के दिशा में रवाना हुए थे। अभियान के दौरान लगभग सुबह 07 बजे और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई । सुरक्षा बलों की टीम्स ने बहादुरी से जवाबी कार्यवाही करते हुए नक्सली दलों को भारी नुक़सान पहुँचाया है द्य इसमें 5/6 नक्सली घायल हो कर भागते हुए देखे गये है व भारी मात्रा में क्ब्लरु व अन्य नक्सल विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है द्य एरिया को चारों तरफ़ से घेरकर सर्चिंग की जा रही है।

## नाले के पास मिला सरपंच का शव

**सुकमा, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 07/3/2023 को लगभग 12:30 बजे दोपहर में ग्राम पोंगाभेजी थाना केरलापाल जिला सुकमा के सरपंच पूनम सन्ना पिता पूनम गंगा उम्र 50 साल जो पिछले 25 वर्ष से सरपंच थे को ग्राम पोंगाभेजी के पारा रबड़ी पारा नाला के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई है। जानकारी प्राप्त हो रही है कि 03 दिन पूर्व पैसे के लेन-देन के संबंध में गांव के कुछ व्यक्ति के साथ सरपंच पूनम सन्ना कि वाद-विवाद हुआ था तथा सरपंच के घर से 03 बकरा को दूसरे पक्ष के व्यक्ति द्वारा जबरन ले जाने की बात सामने आ रही है। पुनः इसी बात को लेकर आज वाद-विवाद हुआ कुछ देर पश्चात् मृतक पुनेम सन्ना हत्या की जानकारी प्राप्त हुई। पोंगाभेजी सरपंच पूनम सन्ना के हत्या के कारणों की जांच व्यक्तिगत रंजिश, सामाजिक विवाद और नक्सली घटना के दृष्टिकोण से की जा रही है ।

## छत्तीसगढ़ के पावर लिफ्टरों ने पदक जीते



**भिलाई, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई, 10 मार्च। दिनांक 23 से 26 फरवरी 2023 तक जम्मू में सम्पन्न फेडरेशन कप राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के पॉवर लिफ्टरों ने पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रौशन किया है जिसमें परिणाम इस प्रकार हैं:- (1) खुशाल पटेल ने 59 कि.ग्रा वर्ग में 557.6 किलो लिफ्ट कर पॉवर लिफ्टिंग के ओव्हर आल इवेन्ट में कास्य पदक प्राप्त किया, (2) जे भागवत राव ने 74 कि.ग्रा वर्ग में 145 किलो बेन्चप्रेस लिफ्ट कर रजत पदक प्राप्त किया, (3) श्रीणू राव ने 105 कि.ग्रा वर्ग में 180 किलो बेन्चप्रेस लिफ्ट कर रजत पदक जीतने में सफलता पायी है तथा बालिका वर्ग में शिखा निषाद ने चौथा स्थान प्राप्त किया है । श्री महेश पटेल छत्तीसगढ़ टीम के कोच थे । उल्लेखनीय इस प्रतियोगिता के आधार खिलाड़ियों का चयन दिनांक 1 से 6 मई 2023 तक एलप्पी (केरल-भारत) में आयोजित होने वाली एशियन पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भारत देश का प्रतिनिधित्व करेंगे । समस्त पदक विजेता खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष श्री बीएल चांदवानी जी, कार्यकारी अध्यक्ष श्री तुलसी सोनी जी, छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के समस्त पदाधिकारियों, पॉवर लिफ्टरों, भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा अधिकारियों, छत्तीसगढ़ ऑलम्पिक संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं छत्तीसगढ़ शासन में खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने अपनी बधाई और शुभकामनाऐं दी है ।

## रूद्र सेना के कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर की कड़ी कार्रवाई की मांग



**भिलाई, 10 मार्च।** गौमाता के साथ अप्राकृतिक कृत्य के मामले में रूद्र सेना के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भट्ठी थाने पहुंचकर गौ माता के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर संयोजक अरुण बेरी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार लोगों को पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ धारा 337-34 के तहत भट्ठी थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों द्वारा कई दिनों से गंदा काम किया जा रहा था। सेक्टर 3 भट्ठी थाना अंतर्गत सेक्टर-1 के गौ सेवा केंद्र में सुबह 4 बजे गाय के साथ सतीश चंद्र दास 20 वर्ष, मोहम्मद साहिल 18 वर्ष सहित 2 नाबालिग द्वारा अप्राकृतिक कृत्य किया जा रहा था। वहां उपस्थित सिक्योरिटी गार्ड ने इन अपराधियों को अमानवीय कृत्य करते हुए पकड़ा व रूद्र सेना के कार्यकर्ताओं को इसकी खबर दी। विरोध प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से अरुण बेरी लक्ष्मण बिस्वाल रंजीत सिंह सीबी यादव अश्विन टंडन प्रशांत क्षीरसागर रुपेश टावरी, ओंकार साहू जिला नमित छतरी श्याम चंद्राकर विनोद तिवारी नीरज जैन पारस खंडेलवाल अध्यक्ष शारदा गुप्ता पारस जंघेल मदन सेन सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### जनसमस्या निवारण शिविर 16 को

**तिल्दा-नेवरा, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड 1 से 22 तक नगर पालिका से संबंधित आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए 16 मार्च सुबह 11 से शाम 4 बजे तक नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया है। आमजनों से अपील की गई है कि शिविर में स्थित होकर नगर पालिका से संबंधित समस्याओं का निराकरण कराएं।

### एकलव्य विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 23 अप्रैल को

**बलौदाबाजार, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान विकासखण्ड कसडोल में शिक्षण सत्र 2023-24 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 23 अप्रैल 2023 रविवार को प्रातः 10 से 12 तक आयोजित किया जाना है। जिसमें परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवीणता के आधार पर बालिका वर्ग में 30 एवं बालक वर्ग में 30 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। वर्ष 2023-24 से प्रथम बार प्रवेश परीक्षा हेतु विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने अंतिम तिथि 20 मार्च 2023 एवं ऑनलाईन भरे गए आवेदन में त्रुटि सुधार की तिथि 21 मार्च से 27 मार्च तक निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी हेतु डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर अवलोकन कर सकते है।

### कांग्रेसियों ने मनाया पंकज वर्मा का जन्मदिन



**डोंगरगढ़, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्थानीय विधायक निवास में शहर व ग्रामीण कांग्रेसीयो ने जिला पंचायत सदस्य पुष्पा गौककरण वर्मा के सुपुत्र पंकज वर्मा का 21 वां जन्मदिन केक काटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते आशीर्वाद देकर मनाया गया. इस अवसर पर पुष्पा गौकरण वर्मा, किरण देउडकर, सुरेश सिन्हा, फिरंगीराम पटेल, मनोज सिन्हा, अनिल मेश्राम, शिशुपाल भारती, लता साहू, राजू सिंह राजपूत, आबिद खान, दशरथ ठाकुर, मतीन खान, अकिल खान, अम्बरीश टांडीया, डाकेश्वर वर्मा, पुरषोत्तम चेलक, अर्जुन बांधे, सुरेश मरकाम सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय



एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में 6 मार्च को सुन्दरी से थाना पलारी के अपराध क्र. 91/2023 धारा 306, 34 भादवि में मृतक तुकाराम को लगातार उधारी के पैसों की मांग के लिए फोन से एवं अन्य आरोपियों द्वारा प्रार्थी के घर जाकर प्रताड़ित कराने वाला फरार आरोपी रूपचंद डहरिया पिता स्व. रामभरोस डहरिया उम्र 45 वर्ष साकिन सुन्दरी स थाना पलारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया प्रकरण के शेष आरोपियो गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी जारी है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक पुरूषोत्तम कुर्रे, सउनि संजीव सिंह एवं प्रधान आरक्षक रोहित सिंह, ब्रम्हांनद देवागंन, आरक्षक लक्ष्मी मनहर, सायबल सेल सुरज राजपूत का योगदान रहा ।

छत्तीसगढ़ की अनोखी परम्परा

# होलिका दहन के बाद गांव की सुख, शांति के लिए अंगारों पर चलते हैं ग्रामीणजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग, 10 मार्च।** जिले के मैनपुर ब्लॉक के गोहरापदर और देवभोग ब्लॉक के घोघर और मुंगिया गॉव में होलिका दहन के बाद आस्था और श्रद्धा के चलते ग्रामीण धधकते हुए अंगारों के ऊपर नंगे पैर चलते हैं। इस काम में युवाओं से लेकर उम्रदराज बुजुर्ग तक पीछे नहीं रहते। ग्रामीणों का दावा है कि आग पर चलने के बाद भी किसी ग्रामीण के ना तो पैर जलते हैं और न ही कोई और परेशानी होती है। सभी ग्रामीण बारी-बारी से आग पर से निकलते हैं।

मामला देवभोग ब्लॉक के घोघर, मुंगिया और ग्राम पंचायत गोहरापदर का है। घोघर में ग्रामीण पिछले कई साल से होली पर आग पर से निकलते आ रहे हैं, वहीं गोहरापदर में करीब सौ सालों से ये परंपरा चली आ रही है। युवा व बुजुर्ग जलते हुए अंगारों पर ऐसे चलते हैं, मानो जैसे फूलों पर चल रहे हो।

**परम्परा को पूरी श्रद्धा के साथ निभाते है ग्रामीण:** ग्रामीण अपनी इस परंपरा को पूरी श्रद्धा से निभाते आ रहे हैं। घोघर गॉव के चौराहे पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से होलिका दहन किया जाता है। पंचायत के सरपंच व गॉव के पुजारी बृजलाल सोरी ने बताया कि यह परम्परा कई साल पुरानी है.. बृजलाल के मुताबिक होलिका दहन के बाद सबसे पहले धधकते हुए अंगारों पर वे खुद चलते है.. इसके बाद पुरे गॉव के लोग देवी का जयकारा करते हुए अंगारों के बीच से होकर गुजरते है.. ग्रामीण घनश्याम सोनवानी की माने तो अंगारों के बीच से होकर गुजरने पर ठंडकता का अहसास होता है..



घनश्याम ने बताया कि गॉव की सुख समृद्धि की कामना कर सभी ग्रामीण अंगारों के बीच चलकर गुजरते है...

**होलिका दहन के बाद अंगारों पर चलने की प्रथा है:** होलिका दहन के बाद धधकते हुए अंगारों के ऊपर से नंगे पैर चलने का सिलसिला करीब सौ वर्षों से चल रहा है। इसके शुरू होने के पीछे का कारण ग्रामीण प्राकृतिक आपदाओं से गॉव को बचाना मानते है। वहीं आस्था इतनी है कि पर्व आने के कई दिन पहले से ही ग्रामीणों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस आयोजन में भाग लेते हैं।

### नहीं आती प्राकृतिक आपदा, ऐसी है मान्यता

गोहरापदर के वरिष्ठ नागरिक जुगधर यादव, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी और गुरुनारायण तिवारी से जब हमने इस बारे में पूछा, तो उनका कहना था कि इस प्रथा की वजह से गांव में कभी कोई प्राकृतिक आपदा नहीं आती है। सुख-शांति-समृद्धि के लिए हमारे बुजुर्गों द्वारा सैकड़ों वर्षों से इस परंपरा को निभाया जा रहा है। इसी मान्यता के चलते प्रत्येक वर्ष होली दहन के बाद यह आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया जाता है।

### बलौदाबाजार में सर्वार्थ सिद्धि योग में जलाई कंडे की होली

**बलौदाबाजार, 10 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर सहित ग्रामीण अंचल में सोमवार की शाम 8:45 से सर्वार्थसिद्धि योग में गोधुली बेला में कंडे की होली जलाई गई। होलिका दहन के दौरान जगह-जगह देर रात तक लोग फाग गीतों पर झूमते रहे। मंगलवार को होली का पर्व मनाया जाएगा। आरएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा राजनारायण केशरवानी निवास में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होलिका दहन की शाम से ही होली की मस्ती की शुरुआत हो चुकी थी। शहर की छोटी-बड़ी बस्तियों के अलावा कॉलोनियों में युवाओं ने होली खेली। पुलिस अधीक्षक नीतू कमल ने बताया कि होली के रंग को भंग करने वाले हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई चूक न हो, इसके लिए चौक-चैराहों पर पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

# जानवरों के शिकार पर निकले 4 संदेही बंदी

## वन विभाग की टीम ने जब्त किया सामान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 मार्च।** वनमंडल अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देश पर जंगलों में निरीक्षण कर अवैध शिकार पर गश्ती टीम के माध्यम से कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके तहत 7 मार्च को वन अमले द्वारा लवन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भोथाही परिसर के कक्ष क्रमांक 139 के समीप आबादी क्षेत्र में गस्त के दौरान अवैध शिकार किए जाने के संदेह में ग्राम घिरघोल निवासी कृषक विष्णु प्रसाद ध्रुव के खेत में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिकार किए गए पशु का खून मिला। स्थल का मौका निरीक्षण किए जाने पर 01 नग कुल्हाड़ी, 01 नग हीरो मोटर सायकल, चीतल का 04 नग पैर व मांस के टुकड़े प्राप्त हुए। उक्त घटना को अंजाम देने के शक के आधार पर गुरूवार को विष्णु प्रसाद ध्रुव व अन्य से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान ग्राम घिरघोल निवासी विष्णु प्रसाद ध्रुव वल्द नाथूराम उम्र 46 वर्ष, टेकराम ध्रुव वल्द रमेशर ध्रुव उम्र 32 वर्ष, रघुनाथ निषाद वल्द रेवाराम एवं शोभाराम निषाद वल्द बोनूराम निषाद उम्र 42 वर्ष द्वारा जी.आई तार के माध्यम से 11 के.व्ही. विद्युत करेंट फेलाकर वन्यप्राणी नर चीतल के शिकार करने का जुर्म स्वीकार किया गया। उक्त अभियुक्तों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के सुसंगत धाराओं के तहत् विधिवत न्यायालयीन कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही में वनक्षेत्रपाल अनिल वर्मा, वनपाल आशुतोष सिंह ठाकुर, जयकिशन यादव, रामकुमार विश्वकर्मा, वनरक्षक महेश कुमार चेलक, संदीप देवांगन, राजू कुर्रे, गिरीशचंद्र सेन का विशेष योगदान रहा।

# 153 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 14 मार्च को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 मार्च।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 14 मार्च 2023 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक एस.आर. हॉस्पिटल एंड रिजरर सेंटर दुर्ग द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 20 पद, योग्यता स्नातक एवं अनुभव, इलेक्ट्रीशियन के 4 पद योग्यता आईटीआई एवं अनुभव, ड्रायवर के 10 पद, योग्यता ड्राईविंग लाईसेस एवं अनुभव, कॉर्पोरेट मैनेजर के 1 पद, योग्यता एमबीए एवं अनुभव, मेडिकल ऑफिसर के 12 पद, योग्यता एमबीबीएस, बीएएमएस, बीईएमएस एवं अनुभव, डेटिस्ट के 2 पद, योग्यता बीडीएस एवं अनुभव, फिजियोथैरेपी के 01 पद, योग्यता बीपीटी, एमपीटी एवं अनुभव, ओ.टी टेक्निशियन के 3 पद, योग्यता पैरामेडिकल कोर्स एवं अनुभव, एक्सरे टेक्निशियन 3 पद, योग्यता एक्सरे टेक्निशियन कोर्स एवं अनुभव, आप्थैल्मिक टेक्निशियन के 3 पद, योग्यता आप्थैल्मिक टेक्निशियन एवं अनुभव, पैथोलॉजिस्ट लैब टेक्निशियन के 3 पद, योग्यता लैब टेक्निशियन एवं अनुभव, नर्सिंग स्टॉफ के 30 पद, योग्यता बीएससी नर्सिंग, जीएनएम नर्सिंग, एएनएम नर्सिंग एवं अनुभव, डायलिसिस टेक्निशियन के 4 पद, योग्यता डायलिसिस टेक्निशियन कोर्स एवं अनुभव, उम्र 18 वर्ष से 55 वर्ष, वेतन 10 हजार से 50 हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र दुर्ग होगा। बॉम्बे इंटेलिजेन्स सेक्यूरिटी इंडिया लिमिटेड द्वारा सेक्यूरिटी गार्ड, अनुभवी/गैरअनुभवी के 45 पद, योग्यता 10वीं एवं 12वीं पास, 15 पासपोर्ट साईज फोटो, बैंक पास बुक की कॉपी, उम्र 20 वर्ष से 45 वर्ष, वेतन 12 हजार 500 से 17 हजार 500 रूपये तक देय होगा।

कार्यक्षेत्र रायपुर, भिलाई होगा। मानव मोटर्स बलौदाबाजार द्वारा सेल्स के 5 पद, योग्यता 10वीं एवं 12वीं पास, कम्प्युटर ऑपरेटर के 1 पद, योग्यता 12वीं एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा, उम्र 18 वर्ष से 25 वर्ष, वेतन योग्यतानुसार देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, पलारी होगा।

जितेन्द्र इलेक्ट्रानिक्स बलौदाबाजार द्वारा सैल्स रिटेलर के 1 पद, योग्यता 10वीं पास, उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष, वेतन 6 हजार से 7 हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। ऋषभ इलेक्ट्रानिक्स बलौदाबाजार द्वारा सैल्स रिटेलर के 1 पद, योग्यता 10वीं पास, उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष, वेतन 6 हजार से 7 हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। ओम कपडा बाजार बलौदाबाजार द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर के 1 पद, योग्यता 12वीं पास एवं डीसीए, उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष वेतन 8 हजार से 10 हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। वाटर पांइट बलौदाबाजार द्वारा इलेक्ट्रीशियन के 2 पद, योग्यता 10वीं पास, उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष, वेतन 8 हजार से 10 हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-कांकेर

**Phone No. : 07868-241213, Email Id:-ee-res.kanker@gov.in**

### मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

**क्रमांक/36/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2022-23** **कांकेर, दिनांक 6/3/2023**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 21.03.2023 अपरान्ह 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से (आमंत्रण क्रम प्रथम बार) आमंत्रित की जाती है तथा निविदा दिनांक 22.03.2023 को 11.30 बजे पूर्वान्ह खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम एवं स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | किचन सह भोजनालय कक्ष एवं गेट निर्माण कार्य गोड़वाना समाज भवन भीरावाही (खपरापारा) वि.ख.-कांकेर | रू. 41.69 लाख |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट 2.10 एवं 2.13) व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट http://rers.cg.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग-कांकेर**

**जी-99172/4**



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा क्रमांक/M-183-A/पुअ/ना.पुर/एसी-1/2022-23/नारायणपुर,** **दिनांक 01/03/2023**

पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार ('डी' श्रेणी एवं अधिक) पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर में निविदाओं उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 21.03.2023 के 05.00 बजे तक
(2) निविदा प्राप्ति/जमा की अंतिम तिथि :- 22.03.2023 के 04.00 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि :- 22.03.2023 के संध्या 5.00 बजे
(4) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750/-(चालान के माध्यम से पुलिस 0055, 800-अन्य प्राप्तियां)
(5) कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (वर्षा ऋतु सहित)
(6) ठेके की आमंत्रण क्रमांक :- 'डी' एवं उच्च श्रेणी लो.नि.वि. के श्रेणी के पात्रतानुसार (प्रथम बार)
(7) प्रभावी दर अनुसूची :- लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2015 को जारी एस.ओ.आर में प्रचलित

| सं.क्र. | कार्य/स्थल का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | विकासखण्ड ओरछा अंतर्गत नवीन सुरक्षा कैम्प ग्राम-ढोंडरीबेड़ा में नाईट लैण्डिग हैलीपेड निर्माण कार्य | 24.96 (लाख) | 50,000.00 |

**नोटः-**
01. निविदा संबंधी अन्य जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक, कार्यालय नारायणपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

**पुलिस अधीक्षक,**
**नारायणपुर**

**जी-99126/4**


### सायबर सेल व सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने अंतर्राज्यीय ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का किया भंडाफोड़

# एप फेयर प्ले एवं रिशु बुक से सट्टा खेलाने वाले10 गिरफ्तार

- सभी आरोपियों को मुख्य संचालक सहित जयपुर राजस्थान से किया गया गिरफ्तार
- ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा एप का देशभर में लगभग 150 ब्रांच संचालित होने की जानकारी
- आरोपियों से 9 लेपटाप, 44 मोबाइल जब्त, 17 से अधिक बैंक खातों की मिली जानकारी, उपकरण व दस्तावेज जब्त
- जप्त दस्तावेज एवं खातों की जांच में लाखों के ट्रांजेक्शन का खुलासा, कुल 6 लाख 20 हजार रुपये खातों मे कराया गया होल्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**बलौदाबाजार, 10 मार्च।** उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे, अनुविभागीय अधिकारी सुभाष दास के पर्यवेक्षण मे थाना सिटी कोतवाली प्रभारी नरेश चौहान एवं सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत के नेतृत्व मे संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जिले मे अवैध रूप से आनलाईन क्रिकेट सट्टा खेलाने वाले फेयर प्ले एवं रिशु बुक के ब्रांच 96 जयपुर मे रेड कार्यवाही कर ब्रांच संचालित करने वाले 10 आरोपियों को लेपटॉप मोबाईल पैनल उपकरणों के साथ गिरफ्तार करने मे सफलता मिली है। विदित हो कि दिनांक 03.03.2023 को सायबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बलौदाबाजार कुकुरदी बाईपास के पास रेड कार्यवाही कर ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा खेलाते आरोपी विशाल बजाज पिता राजकुमार बजाज उम्र 30 वर्ष निवासी माता देवालय वार्ड भाटापारा को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी से जप्त मोबाईल फोन एवं ऑनलाईन गेम फेयर प्ले एवं रिशु बुक का बारीकी से जांच विश्लेषण करने के उपरांत पुलिस टीम को उक्त आनलाईन गेम साईट का लोकेशन जयपुर मे होना पता चला।

प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन मे थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम त्वरित कार्यवाही करते हुये जयपुर रवाना किया गया था। पुलिस टीम द्वारा जयपुर मे लगातार पतासाजी करते हुये अथक प्रयास एवं मेहनत से आनलाईन गेम साईट फ्यर प्ले एवं रिशु बुक के ठिकाना सुनिश्चित कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां रंगे हाथ आनलाईन क्रिकेट सट्टा एवं अन्य गेम खेलाते मौके से 10 आरोपियों को साक्ष्य सहित पकडा गया। आरोपियों के कब्जे से 09 नग लेपटाप 44 नग मोबाईल फोन, बैंक खाता एवं अन्य दस्तावेज जप्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे सायबर सेल के निरीक्षक रोशन राजपूत, प्रआर. अरशद खान, आर. हेमन्त नायक थाना सिटी कोतवाली से सउनि मेघनाथ बंजारे, प्रआर. अंशुमान पाण्डेय, आर. रवि कैवर्त्य, मआर. अंजुला पैकरा का विशेष योगदान रहा।

**आरोपियों के नाम-** लव गंगवानी पिता स्व. प्रहलाद गंगवानी उम्र 26 साल निवासी पुराना हाईकोर्ट बिलासपुर, संतोष जेठवानी पिता चंद्रभान जेठवानी उम्र 36 साल निवासी ब्लाक नं. 12 चावला चौक जरीपटका नागपुर, मो0 अरमान पिता मो0 अहतेशाम उम्र 21 साल निवासी गली नं. 06 वार्ड नं. 37 सतना जिला सतना, प्रमोद कुमार लहरे पिता दूजेराम लहरे उम्र 23 साल निवासी तिल्दा नेवरा जिला रायपुर, करन पारवानी पिता अमर पारवानी उम्र 23 साल निवासी सडडू रायपुर, गोविंद लोहरा पिता स्व. दिलीप कुमार लोहरा उम्र 21 साल निवासी सिंधी कालोनी वार्ड 04 बेमेतरा थाना सिटी कोतवाली जिला बेमेतरा, रासू दरयानी पिता कैलाश दरयानी उम्र 33 साल निवासी गोटेगांव गुरू नानक वार्ड थाना गोटेगांव जिला नरसिंगपुर म0प्र0, तनिश नागरानी पिता नरेश कुमार नागरानी उम्र 22 साल निवासी गौरीघाट रोड जबलपुर म0प्र0, शत्रुधन राम पिता रामूराम उम्र 27 साल निवासी करनपुर थाना रूदपुर जिला मधुबनी बिहार, मुकेश राम पिता ओवेन्दर राम उम्र 26 साल साकिन करनपुर थाना रूदपुर जिला मधुबनी बिहार।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा क्रमांक/M-161/पुअ/ना.पुर/एसी-1/2022-23/नारायणपुर,** **दिनांक 27/02/2023**

पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार ('डी' श्रेणी एवं अधिक) पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर में निविदाओं उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 13.03.2023 के 05.00 बजे तक
(2) निविदा प्राप्ति/जमा की अंतिम तिथि :- 14.03.2023 के 04.00 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि :- 14.03.2023 के संध्या 5.00 बजे
(4) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750/-(चालान के माध्यम से पुलिस 0055, 800-अन्य प्राप्तियां)
(5) कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (वर्षा ऋतु सहित)
(6) ठेके की आमंत्रण क्रमांक :- 'डी' एवं उच्च श्रेणी लो.नि.वि. के श्रेणी के पात्रतानुसार (प्रथम बार)
(7) प्रभावी दर अनुसूची :- लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2015 को जारी एस.ओ.आर. में प्रचलित


| क्र. | कार्य/स्थल का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 01. | 29वीं वाहिनी आई.टी.बी.पी. कैम्प फरसगांव के 06 बैरक (क्रं. 01, 02, 03, 04, 05, 06) एवं स्टोर रूम में मरम्मत कार्य। | 07.83 (लाख) | 15700.00 |
| 02. | 53वीं वाहिनी आई.टी.बी.पी. कैम्प बासिंग के कुक हाउस मरम्मत कार्य | 02.90 (लाख) | 5800.00 |
| 03. | 45वीं वाहिनी आई.टी.बी.पी. कैम्प मुंजमेटा में अधिकारी निवास एवं जवान निवास में छत से पानी सिपेज मरम्मत कार्य | 02.55 (लाख) | 5100.00 |

**नोटः-**
01. निविदा संबंधी अन्य जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक, कार्यालय नारायणपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

**पुलिस अधीक्षक,**
**नारायणपुर**

**जी-99093/3**

# छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों का कमाल
# तेंदुपत्ता संग्राहक परिवार हो रहे मालामाल



## हरे सोने से सुनहरा भविष्य लिख रहे तेंदुपत्ता संग्राहक

## 4 सालों में

**2146.75 करोड़**
तेंदुपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान

**339.27 करोड़**
प्रोत्साहन पारिश्रमिक का भुगतान



श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

## सेवा-जतन-सरोकार, छत्तीसढ़ सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23